डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.adhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

आधुनिक समाचार

PG-5

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमा:अगले साल एक-दूजे संग केएल राहुल और अथिया शेट्टी लेंगे सात फेरे

वर्ष -08 अंक -161 | प्रयागराज, गुरुवार 08, सितम्बर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

संक्षिप्त समाचार

जयशंकर ने लिज ट्रस को उनके चुनाव जीतने पर दी बधाईए कहा

(आधुनिक मसाचार सेवा)

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को ब्रिटिश विदेश सचिव लिज ट्रस ;स्र ज्तनेद्ध को यूनाइटेड किंगडम के नए प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने पर बधाई दी। जयशंकर ने ट्विटर पर अपने बधाई संदेश में लिखा कि उनके नेतृत्व में भारत.ब्रिटेन की साझेदारी और मजबूत होगी। जयशंकर ने ट्वीट किया कि लिज ट्रस को ब्रिटेन कंजरवेटिव पार्टी का नेता चुने जाने पर बधाई।लिज ट्रस को कंजर्वेटिव पार्टी के नए प्रमुख के रूप में घोषित किया गया है। सैंतालीस वर्षीय लिज ट्रस ब्रिटेन की तीसरी महिला प्रधानमंत्री बनेंगी। लिज ट्रस ने पूर्व चांसलर ऋषि सनक को हराया है। ट्रस को 81,326 वोट मिले जबकि सुनक को 60,399 वोट मिले हैं।अपनी जीत पर ट्रस ने ट्विटर पर लिखाए श्मैं कंजर्वेटिव पार्टी के नेता चुने जाने पर सम्मानित महसूस कर रही हूं। हमारे महान देश का नेतृत्व करने और और मुझ पर भरोसा करने के लिए सभी को धन्यवाद। मैं जिम्मेदार पद पर रहते हुए साहसिक कार्रवाई करूंगी। देश की अर्थव्यवस्था को और बढ़ाऊंगी। साथ ही उन्होंने कहा कि वह यूनाइटेड किंगडम की क्षमता को और अधिक बढ़ाएंगी।मालूम हो कि एक साथ कई कैबिनेट सदस्यों के इस्तीफे के बाद बोरिस जॉनसन को 7 जुलाई को पीएम पद छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा था।ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के पद की रेस में ऋषि सनक और लिज ट्रस कंजर्वेटिव रैंक तक पहुंचे थे। छह सप्ताह की लंबी आमने.सामने की डिबेट प्रतियोगिता के बाद लिज ट्रस और ऋषि सनक ने ब्रिटेन के लिए अपने दीर्घकालिक दृष्टिकोण के बारे में दुनिया को बताया था।

क्या है चीता परियोजना जिसका पीएम मोदी अपने जन्मदिन पर करेंगे शुभारंभ

(आधुनिक मसाचार सेवा)

भोपाल। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ;च्तपउम डपदपेजमत छंतमदकतं डवकपद्ध का जन्मदिन इसी महीने की 17 तारीख को है।

17 सितंबर 1950 को जन्मे पीएम मोदी इस साल 72 वर्ष की आयु के हो जाएंगे। देश के विकास के लिए दूरदृष्टि रखने वाले पीएम मोदी ;च्ड डवकपद्ध अपने इस जन्मदिन पर देश को एक और तोहफा देने वाले हैं। संभावना है कि वे मध्य प्रदेश के कुनो पालपुर पार्क ;ज्ञनदव पसकसपमि दबजनंतलद्ध में चीता परियोजना का शुभारंभ कर सकते हैं। इसके लिए मध्य प्रदेश सरकार ने भी पूरी तैयारी की हुई है। चीता परियोजना का सही अर्थ इसके नाम में ही छिपा है। यह परियोजना धरती पर सबसे तेज दौड़ने वाले जीव चीता के संरक्षण के लिए ही लाई गई है। दुर्भाग्य है कि देश में चीता का अस्तित्व 70 साल पहले ही खत्म हो चुका है। ऐसे में केंद्र सरकार भारत में चीतों को लाए जाने के लिए प्रयासरत है। उम्मीद जताई जा रही है कि पीएम मोदी के जन्मदिन पर नामीबिया से आठ चीते श्योपुरए एमपी लाए जाएंगे। नामीबिया ;छंउपइपंद्ध में भी इन चीतों को अलग रखा गया है और भारत आने के लिए वे पूरी तरह से तैयार हैं। हालांकि ऐसी उम्मीद थी कि पिछले महीने ही ये चीते भारत लाए जाएंगेए लेकिन ऐसा न हो सका। इन चीतों को प्रधानमंत्री पार्क के विशेष बाड़े में छोड़ा जाएगा। इसे लेकर पार्क में पांच और कराहल में चार हैलीपेड तैयार किए जा रहे है। कोरोना काल से पहले भारत सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद 2020 में चीता लाना तय किया थाए लेकिन मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में उस साल प्रतिकूल मौसम के कारण कूनो पालपुर नेशनल पार्क में चीता के लिए बाड़ा नहीं तैयार किया जा सका। इसके बाद अफ्रीका में कोरोना के नए मामले आने शुरू हो गएए जिस कारण योजना से संबंधित भारतीय अधिकारियों की अफ्रीका की यात्रा निरस्त हो गई और काम को रोकना पड़ा। अगले पांच वर्षों में चीता की संख्या 50 तक पहुंचने की उम्मीद कभी भारत को एशियाइ चीतों का घर माना जाता था। यहां इनकी इतनी ज्यादा संख्या थी कि इनका शिकार करना राजघरानों का शौक हो गया। इस शौक के कारण चीते विलुप्त हो गए। देश में आखिरी चीता वर्तमान छत्तीसगढ़ में राजाओं के इसी शौक के कारण मारा गया। इसके बाद 1952 में विलुप्त घोषित कर दिया गया। चीता प्रोजेक्ट के तहत अगले 5 सालों में चीतों की संख्या को 50 तक करने की योजना है।समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसारए अधिकारियों ने बताया कि चीता प्रोजेक्ट की कल्पना 2009 में की गई थी। बीते साल कोविड के कारण कुनो पालपुर पार्क में चीतों को लाए जाने की योजना को झटका लगा था। अधिकारियों ने बताया कि कुनो पालपुर पार्क चीतों के लिए उपयुक्त क्षेत्र हैए क्योंकि यहां उनको अच्छा शिकार मिल सकता है। भारतीय वन्यजीव संस्थान के विशेषज्ञों ने भी इस क्षेत्र की निगरानी की है। अधिकारियों के अनुसारए मध्य प्रदेश जीवों के संरक्षण का रिकार्ड अच्छा रहा है क्योंकि 2009 में पनन में बाघों को सफलतापूर्वक पाला गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने फसल बीमा मुआवजे पर कंपनी की याचिका खारिज कीए 200 करोड़ से अधिक राशि देने का आदेश

(आधुनिक मसाचार सेवा)

नई दिल्ली। बांबे हाई कोर्ट के आदेश वे खिलाफ बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा दायर याचिका को



सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कंपनी ने याचिका में हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थीए जिसमें उसे वर्ष 2020 में भारी बारिश के कारण सोयाबीन की फसल का नुकसान होने पर महाराष्ट्र के उस्मानाबाद जिले के 3ध्5 लाख से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मुआवजा देने के लिए कहा गया था। मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित और न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट की पीठ ने इसे एक अलग तरह का मामला मानाए जिसमें फसल और परिवार के साथ किसानों की हर चीज दांव पर लगी थी। शीर्ष अदालत ने बीमा कंपनी द्वारा रजिस्ट्री के पास जमा किए गए 200 करोड़ रुपये और उस पर मिले ब्याज को पीडि.तों को जारी करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने जिला कलेक्टर की देखरेख में कानून के तहत बीमा मुआवजे के भुगतान की प्रक्रिया को तीन सप्ताह में पूरा करने का आदेश दिया। बीमा कंपनी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने हाईकोर्ट के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने कानून की ठीक से व्याख्या नहीं की और उन किसानों को भी मुआवजे का भुगतान करने का आदेश दियाए जिन्होंने निर्धारित समय वे अंदर फसल वे नुकसान की सूचना नहीं दी थी।

बायोडाटा चमकाने के लिए अदालत का न करें इस्तेमाल

(आधुनिक मसाचार सेवा)

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को एक एलएलएम छात्र द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए नाराजगी जाहिर की। कोर्ट ने छात्र से कहा कि अगर आप अपने सीवी को अच्छा दिखाने के लिए कोर्ट में बिना सर पैर की याचिका डालेंगे तो अगली बार सुनवाई नहीं होगी। कोर्ट ने यह टिप्पणी उस याचिका की सुनवाई के दौरान की जिसमें छात्र ने केंद्र और दिल्ली सरकार से वायु प्रदूषण के चलते 15 लाख का मुआवजा और 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा मांगा था। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि वायु प्रदूषण फेफड़ों को प्रभावित करता है और फेफड़ों के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि याचिकाकर्ता शिवम पांडे को कोई व्यक्तिगत नुकसान दिखाने के लिए कोई सामग्री या चिकित्सा सबूत नहीं है। अदालत ने कहा कि रिट याचिका गलत है और तदनुसार खारिज की जाती है। याचिका को खारिज करते हुए अदालत ने छात्र से नाराजगी जताते हुए कहा कि अदालत एक गंभीर जगह है और इस अदालत में याचिका दायर करने का अधिकार केवल आपके रेज्यूमे ;बायोडाटाद्ध या आपके सीवी ;बन्ततपबनसनउ टपजंमद्ध के लिए एक उपकरण नहीं है। न्यायमूर्ति ने कहा कि अगली बार जब आपको कोई गंभीर मुद्दा उठाना होए तभी आप अदालत का रुख करें। याचिकाकर्ता द्वारा कहा गया था कि प्रदूषण एक धीमा जहर है जो किसी व्यक्ति के जीवन को पांच से

नौ साल तक कम कर देता है। याचिकाकर्ता की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने कहाए श्मैं प्रदूषण और इसके दुष्प्रभावों के विषय पर सामान्य चर्चा नहीं चाहता। मैं आपसे व्यक्तिगत हानी के संदर्भ में सामग्री दिखाने के लिए कह रहा हूं। मेडिकल रिपोर्टए कोई मेडिकल सबूतए उस डाक्टर की जांच जिसने प्रदूषण के कारण आपको हानी होने के बाद आपका इलाज किया हो याचिकाकर्ता ने कहा कि उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही थीए लेकिन प्रदूषण के कारण व्यक्तिगत चोट 70 या 75 साल की उम्र में ही उनके बुढ़ापे में दिखाई देगी।

रेलवे ट्रैक पर रील बनाना 17 वर्षीय लड़के को पड़ा भारी पीछे से आई ट्रेन ने मारी टक्कर

(आधुनिक मसाचार सेवा)

हैदराबादए। सोशल मीडिया पर स्टार बनने की चाहत नव युवाओं में इस कदर हावी हैए वे अपनी जान जोखिम में डालकर लाइकए कमेंट और व्यू कमाना चाहते हैं। सोशल मीडिया स्टार डमकपं बनने की चाहत कई बार इन युवाओं पर भारी पड़ जाती है तो कुछ लोगों को अपनी जान भी गंवानी पड़ जाती है। इसी बीच एक तेलंगाना से ऐसी

घटना सामने आई हैए जिसमें एक 17 साल का लड़का ट्रेन की पटरी पर बजपवद वद त्पसूंल ज्तंबाद्ध करता हुआ नजर आ रहा है। लेकिन इस बीच ट्रेन आती है और उक्त लड़के के साथ वह घटना घट जाती हैए जिसके बारे में उसने सोचा भी नहीं होगा। दरअसलए रील बनाने वाला यह लड़का तेलंगाना का रहने वाला चिंटाकुला अक्षय राजू हैए जो हनमकोंडा जिले के काजीपेट रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर वीडियो बना रहा था। राजू द्वारा किए जा रहे एक्ट के दौरान पीछे से पटरी पर तेज रफ्तार ट्रेन आ रही होती है। वह इसी क्षण को अपने वीडियो में फिल्माना चाहता थाए लेकिन दुर्भाग्य से वह ट्रेन से टकरा जाता है। तेज रफ्तार ट्रेन से टकराने के बाद राजू बुरी तरीके से घायल हो गयाए जिसे वरंगल के एमजीएम अस्पताल भ्वेचपजंसद्ध में भर्ती करवाया गया है। वहींए इस घटना के बाद राजू का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल वबपंस डमकपंद्ध हो रहा है। यह वीडियो राजू के दोस्त ने बनाया था। न्यूज एजेंसी आईएएनएस के अनुसारए राजू हनमकोंडा जिले के वड्डीपल्ली गांव का रहने वाला है। इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा अपने दोस्तों के साथ एक तालाब के पास घूम रहा था। तभी उसको रेलवे ट्रैक पर चलते हुए का वीडियो बनाने का आइडिया आया था। राजू के इस जुनून ने उसे लगभग मौत के मुंह में पहुंचा दिया है। उसे सिरए पैर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स में जब से टिकटाक का नाम शामिल हुआए तब से शार्ट वीडियो टपकमवद्ध बनाने वाले क्रिएटर की तादात बहुत ज्यादा बढ़ गई है। इनमें से कुछ वीडियो क्रिएटर तो इसका उपयोग उचित चीजों के लिए कर रहे है तो वहीं कुछ वीडियो बनाने के लिए ऊटपटांग हरकतों से व्यूज और लाइक्स के चक्कर में पड़े हुए है। टिकटाक के बैन होने के बाद सोशल मीडिया स्टार बनने की होड़ में लगे युवाओं को अब इंस्टाग्राम मिल गया हैए जिस पर युवा रील्स अपलोड कर अपनी हरकतों का प्रदर्शन कर रहे है।

गोरखा सैनिकों की भारत के प्रति समर्पण की कहानी है 11 गोरखा राइफल्स

(आधुनिक मसाचार सेवा)

नई दिल्ली। भारतीय थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे रविवार ;चार सितंबर 2022द्ध को अपनी चार दिवसीय यात्रा के लिए नेपाल छमचंस टपेपजद्ध पहुंच चुके हैं। चार दिवसीय यात्रा में वह

नेपाली प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउब से भी मिलेंगेए जिनके पास रक्षा मंत्रालय भी है। इसके अलावा वह नेपाल सेना के अपने समकक्ष जनरव प्रभु राम शर्मा से भी मुलाकात करेंगे। इस दौरान नेपाली गोरखा सैनिकों की अगिन्वीर में भर्ती का मामला भी उठ सकता है। पिछले दिनों नेपाल ने अगिन्वीर योजना के



तहत अपने युवाओं की भर्ती पर विरोध दर्ज कराया था। ऐसे में सवाल उठता है कि भारत के लिए गोरखा सैनिक इतने महत्वपूर्ण क्यों हैं इसका जवाब भारतीय सेना के इतिहास में छिपा है। ब्रिटिश भारत के दौर में 1814 में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और नेपाल राजघराने के गोरखाली सैनिकों ;ळवतींसप वसकपमतेद्ध के बीच जबरदस्त युद्ध हुआ। ये संघर्ष 1816 में ईस्ट इंडिया कंपनी और नेपाल के बीच हुए सुगौली समझौते के साथ खत्म हुआ था। इस युद्ध में गोरख सैनिकों के युद्ध कौशल और साहस ने ब्रितानी अधिकारियों और राजनयिकों को आकर्षित किया। इसके बाद अंग्रेजों ने विभिन्न युद्धों के दौरान गोरखा सैनिकों की अस्थाई भर्ती शुरू कर दी। गोरखा अपने साहस और युद्ध कौशल के लिए नहींए बल्कि अपनी ईमानदारी और वफादारी के लिए भी पहचाने जाते हैं। ब्रिटिश सेना में अस्थाई तौर पर शामिल होने वाले गोरखा सैनिकों ने जल्द ही ब्रिटिश अधिकारियों व राजनयिकों का भरोसा जीत लिया। इसके बाद गोरखा सैनिकों को नासिरी रेजिमेंट की एक बटालियन में स्थाई तैनाती मिली। आगे चलकर यही बटालियन किंग जॉर्ज प्रथम की अपनी गोरखा राइफल्सें त्पसिमेद्ध रेजिमेंट बनी। इसके बाद ब्रिटिश इंडियन आर्मी में गोरखा सैनिकों की भर्ती का सिलसिला शुरू हो गया।

शिक्षकों और विद्यार्थियों से ही बड़ा बनता है शिक्षण संस्थान

(आधुनिक मसाचार सेवा)

नई दिल्ली। शिक्षक दिवस के अवसर पर भारतीय जन संचार संस्थान ;आईआईएमसीद्ध में सोमवार को शिशक्षक अभिनंदन समारोहश् का आयोजन किया गया। इस मौके पर आईआईएमसी के महानिदेशक प्रोण् संजय द्विवेदी ने संस्थान के समस्त शिक्षकों को शॉल एवं स्मृति.चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संस्थान के अपर महानिदेशक आशीष गोयल एवं डीन समस्त शिक्षकों के मार्गदर्शन और सहयोग से ही आईआईएमसी अकादमिक गुणवत्ता के मानकों को स्थापित करने में सफल रहा है। आईआईएमसी के महानिदेशक के अनुसार समय के साथ शासकीय शिक्षण संस्थानों में बदलाव हुए है। सरकारी स्कूलों और कॉलेजों की जगह निजी विद्यालय एवं महाविद्यालय लोगों की पसंद बन रहे हैं। ऐसे समय में शासकीय शिक्षण संस्थाओं में काम करने वाले समस्त शिक्षकों का दायित्व बढ़ क्षेत्र में अपनी एक अलग जगह बनाई है। मीडिया क्षेत्र की जरुरतों के हिसाब से हमने पाठ्यक्रमों को निरंतर अपडेट किया है। यही कारण है कि आईआईएमसी के पूर्व छात्र आज देश ही नहींए विदेशों के भी मीडियाए सूचना और संचार संगठनों में नेतृत्वकारी भूमिका में हैं। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षकों को आत्मप्रेरणा से ही संस्थान को आगे लेकर जाना है और मॉडल पाठ्यक्रम का निर्माण करना है। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉण् मीता

;अकादमिकद्ध प्रोण् गोविंद सिंह भी उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए प्रोण् द्विवेदी ने कहा कि कोई भी शिक्षण संस्थान अपने अध्यापकों और विद्यार्थिन्यों से ही बड़ा बनता है। आईआईएमसी के श्रेष्ठ प्राध्यापकों के अथक प्रयास से ही हम लगातार कई वर्षों से पहले स्थान पर हैं। संस्थान के जाता है। उन्होंने कहा कि समाज के आखिरी व्यक्ति तक शिक्षा पहुंचाने की जिम्मेदारी शासकीय शिक्षण संस्थाओं की है। इसके लिए सभी शिक्षकों को ईमानदारी और प्रामाणिकता के साथ अपना काम करने की जरुरत है। प्रोण् द्विवेदी ने कहा कि आईआईएमसी ने मीडिया शिक्षणए प्रशिक्षण और शोध के उज्जैन ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉण् रचना शर्मा ने दिया। आयोजन में संस्थान के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर प्रोण् सुनेत्रा सेन नारायणए प्रोण् आनंद प्रधानए प्रोण् शाश्वती गोस्वामीए प्रोण् अनुभूति यादवए प्रोण् वीके भारती एवं प्रोण् प्रमोद कुमार भी उपस्थित रहे।

नए शिक्षकों की भर्ती करेगी कर्नाटक सरकार के सीएम ने कहा

(आधुनिक मसाचार सेवा)

बेंगलुरु। कर्नाटक की बोम्मई सरकार नए शिक्षकों की भर्ती करने की योजना बना रही है। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार निरंतरता बनाए रखने के लिए एक साल में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को भरने के लिए नए शिक्षकों की भर्ती करेगी। शिक्षक दिवस के अवसर पर सीएम ने कहाए श्आने वाले दिनों में सरकार कुल शिक्षकों की भर्ती करेगी जो उस साल सेवानिवृत्त होंगे। समान संख्या में नए शिक्षकों की भर्ती करेंगे। प्रशिक्षण प्रदान करेंगे और सेवानिवृत्त शिक्षकों के स्थान पर उन्हें तैनात करेंगे।श्बोम्मई ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र के लिए 25,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैए जिसमें से 19,000 करोड़ रुपये शिक्षकों के वेतन और 5,000 करोड़ रुपये स्कूलों के विकास के लिए दिए गए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शौचालयों की कमी से छात्रों का स्कूलों में आना बंद हो गया है और राज्य सरकार ने एक साल के भीतर सभी सरकारी स्कूलों में लड़कियों और लड़कों के लिए अलग.अलग शौचालय उपलब्ध कराने की योजना बनाई है।

कर्नाटक सरकार ने किया राहत पैकेज का एलान

(आधुनिक मसाचार सेवा)

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बेंगलुरू में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच बड़ा एलान किया है। सीएम बसवराज बोम्मई ने कहा कि सरकार ने शहर में बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए 300 करोड़ रुपये के राहत पैकेज जारी करने का फैसला किया है। 300 करोड़ रुपये वे राहत पैकेज का एलान दरअसलए मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बेंगलुरू के हालात को देखते हुए वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की। जिसमें उन्होंने राज्य में बारिश और बाढ़ की स्थिति विशेष रूप से राजधानी बेंगलुरू में हुए नुकसान के बारे में जानकारी ली। इस दौरान सीएम ने 300 करोड़ रुपये के राहत पैकेज का एलान किया।

मुट्ठीगंज में बारजा गिरने से हुआ बड़ा हादसा जिसमें 6 लोग घायल

(आधुनिक मसाचार सेवा)

प्रयागराज। हैं जिनका उपचार एसआरएन अस्पताल में ट्रामा सेंटर में चल रहा है और 4 की मृत्यु हो चुकी है मृतकों का विवरण 1.सुशील कुमार गुप्ता पुत्र विश्वनाथ गुप्ता उम्र 40 वर्ष निवासी 152 आर्य नगर मुट्ठीग 2.राजेंद्र पटेल पुत्र अज्ञात 51 वर्ष 3.नीरज केसरवानी पुत्र मोतीलाल केसरवानी उम्र 32 वर्ष निवासी पंचायती अखाड़ा मुट्ठीगंज 4.एक व्यक्ति नाम पता अज्ञात।

फीस प्रताड़ित से क्षुब्ध छात्र ने आत्महत्या की स्कूल प्रबंधन के खिलाफ केस दर्ज

(आधुनिक मसाचार सेवा)

प्रयागराज। प्रयागराज में एक छात्र ने आत्महत्या कर लिया था। इस मामले में छात्र के परिवार के लोगों ने फीस के लिए प्रताड़ित करने से क्षुब्ध होकर आत्मघाती कदम उठाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्कूल प्रबंधन

के खिलाफ केस दर्ज किया। प्रबंधक, प्रधानाचार्य, वरिष्ठ लिपिक और अध्यापक पर रिपोर्ट दर्ज हुई है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। स्कूल प्रबंधक पर प्रताड़ना का आरोप : उल्लेखनीय है कि गंगापार के झूंसी थाना क्षेत्र के बंधवा ताहिरपुर में इंटरमीडिएट के 18 वर्षीय छात्र प्रतीक ने आत्महत्या की थी। प्रतीक के घरवालों का आरोप है कि फीस जमा न करने को लेकर स्कूल प्रबंधन द्वारा प्रताडित करने से क्षुब्ध होकर उसने खुदकशी की थी।प्रतापगढ़ का प्रतीक प्रयागराज के झूंसी में रहता था : प्रतापगढ़ जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र के डिहवट निवासी अनिल कुमार ओझा का पुत्र प्रतीक व प्रफुल्ल ओझा अपने चाचा के साथ झूंसी के बंधवा ताहिरपुर में किराए का कमरा लेकर रहते थे। प्रतीक आवास विकास कालोनी योजना तीन स्थित उर्मिला देवी इंटर कालेज में कक्षा 12 का छात्र था। उसने फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों का आरोप है कि फीस जमा न करने को लेकर स्कूल प्रबंधन द्वारा उसे प्रताडि़त किया जाता था। इससे क्षुब्ध होकर उसने खुदकुशी कर ली। कैंडल मार्च निकाल थाने में धरना दिया था : छात्र प्रतीक के फंदे पर झूलकर आत्महया करने से आक्रोशित उसके भाई सुधीर कुमार ओझा ने कुछ अधिवक्ताओं के साथ कैंडल मार्च मंगलवार की रात निकाला था। कैंडल मार्च झूंसी थाने पहुंचा और थाने में धरना दे दिया। आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की गई थी।किन पर केस दर्ज हुआ : झूंसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्कूल प्रबंधक संजय मौर्या, प्रिंसिपल आशुतोष सिंह, हेड लिपिक टीएन मौर्या व अध्यापक संजय मिश्रा के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है।

लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321ई के द्वारा दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया

(आधुनिक मसाचार सेवा)

प्रयागराज। जिसमें दूसरे दिन फैशन शो का भी आयोजन हुआ । जिसमें 51 प्रतिभागियों ने सहभागिता कर फैशन का जलवा दिखाया । जूरी ने रैम्पवॉक, टैलेंट एवं क्वेश्चन आंसर राउंड के बाद अपने जजमेंट दिए । कार्यक्रम की संयोजिका लायन डॉ जया खरे एवं लायन रेखा जयसवाल जी ने बताया कि जज के द्वारा क्वीन ऑफ प्रयागराज, किंग ऑफ प्रयागराज , प्रिंसेस ऑफ प्रयागराज के साथ ही तीनों कैटेगरी में फर्स्ट एंड सेकंड रनरअप भी चुने गए। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष सीए सौरव कांत एवं राजूल कांत द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। एंकरिंग लायन डॉ जया खरे एवं लायन हिमांशु द्वारा की गई। सभी प्रतिभागियों को लॉयन आर्किटेक्ट विशाल खरे द्वारा स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव जी, कुँवर बी एम सिंह जी,आनंद श्रीवास्तव जी, मंडल अध्यक्ष प्रथम अजय मल्होत्रा,लाला भैया,संजीव लोगानी , ऋषि सेठी,लायन ईरा सेठी,लायन रीता वीर ,लायन सुशील श्रीवास्तव,लायन डॉ उमा जैसवाल ,लायन अक्षत, लायन आरके सिंह,लायन जगमोहन अग्रवाल,लायन वीरेंद्र जयसवाल,राजेंद्र गुप्ता,अनूप सिंह, अनिल टंडन आदि लोग उपस्थित रहे । कार्यक्रम के समापन में लकी ड्रा भी हुआ जिसमें प्रथम विजेता को 32 इंच स्मार्ट टीवी और द्वितीय ओटीजी,तृतीय को गीजर,मिक्सी आदि विभिनन्-प्रकार के इनाम दिए गए।

पीडल्ब्यूएस ने मनाया सम्मान समारोह

(आधुनिक मसाचार सेवा)

प्रयागराज। एनजीओ पीडब्लूएस टीम का कार्यक्रम सम्मान समारोह आज शाम 5:00 बजे श्रीमान सोनू केसरवानी, प्रो0 महाराजा डीजे (गौतम सिनेमा घर के सामने) कटघर प्रयागराज में पीडब्लूएस प्रमुख आर के पाण्डेय एडवोकेट की

उपस्थिति में संपनन् हुआ जिसमें अभिषेक गुप्ता स्टेट प्रेसीडेंट पीडब्लूएस व्यापार सभा उत्तर प्रदेश द्वारा सोनू केसरवानी को प्रयागराज जिला का जिलाध्यक्ष व्यापार सभा मनोनीत किया गया तथा मानवाधिकार संरक्षण व 1 ईंट 1 रुपये के जन सहयोग से पीडब्लूएस शिक्षालय निर्माण पर परिचर्चा हुई। जानकारी के अनुसार संगठन के विस्तार के क्रम में अभिषेक गुप्ता स्टेट प्रेसीडेंट द्वारा सोनू केसरवानी को टीम से जोड़ते हुए उन्हें डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट व्यापार सभा मनोनीत किया गया। इस अवसर पर संगठन के जनरल विंग के डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट प्रयागराज राज हेमांशू सागर, पीडब्लूएस समाजसेवी डाक्टर शमशाद खान, डाक्टर शिवम त्रिपाठी, डाक्टर जैद उल्लाह, इमरान, अरविंद मालवीय द्वारा सोनू केसरवानी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में आर के पाण्डेय एडवोकेट ने मानवाधिकार संरक्षण व 1 ईंट 1 रुपये के जनसहयोग से अयोध्या विकास प्राधिकरण क्षेत्र के गोरसरा शुक्ल में पीडब्लूएस शिक्षालय निर्माण पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा उपस्थित साथियों ने इस परिचर्चा में अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर युवा समाजसेवी मुशीर उल्लाह, वायस आफ इंडिया से यश गुप्ता, मनशू सोनकर, करन कुमार, संजीत केसरवानी, कक्कू सोनकर, रमा शंकर साहू, अंशू केसरवानी, कमलेश केसरवानी आदि उपस्थित रहे व शिक्षालय निर्माण के कार्यक्रम की सराहना किया।

ठोस एवं तरल अपशिष्ट के प्रबन्धन हेतु 58 गाँवों का डीपीआर बनाया गया

(आधुनिक मसाचार सेवा)

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कल सायंकाल कैम्प कार्यालय में जिला स्वच्छता मिशन की बैठक सम्पनन् हुई। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा योजनावार प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी तथा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत फेज-2 में ओडीएफ प्लस हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में चयनित 58 ग्रामों की ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन का डीपीआर प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने बैठक में जानना चाहा कि इन गाँवों के चयन का आधार क्या है तो जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि 2011 की जनंसख्या के आधार पर जिन गांवों की आबादी 5 हजार से अधिक है उन गावों का चयन इस योजना के अन्तर्गत किया गया है। इसके अन्तर्गत सभी गांवों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट के प्रबन्धन हेतु डीपीआर बनाया गया है जिसके अन्तर्गत समेकित ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र विकसित किया जायेगा ताकि गांवों में ठोस कचरा व कूड़ा करकट तथा तरल अपशिष्ट का समुचित प्रबन्धन किया जा सके। इससे संचारी रोगों पर नियंत्रण रखा जा सकेगा, गांवों के लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। सहायक जिला पंचायत राज तकनीकी द्वारा बताया गया कि इसके निर्माण में सामुदायिक अंशदान के रूप में 30 रूपये प्रतिघर निर्धारित किया गया है, तरल अपशिष्ट के प्रबन्धन हेतु सोख्ता गड्ढा बनाया जायेगा। घर-घर से कूड़ा एकत्र करने की भी व्यवस्था की गयी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि यह योजना तभी शत् प्रतिशत सफल हो सकेगी जब इसके अन्दर पेनाल्टी का प्राविजिन किया जाये, उन्होने कहा कि इन गांवों में कूड़ा प्रबन्धन की व्यवस्था के बाद भी यदि किसी व्यक्ति द्वारा जान बूझकर गन्दगी/कूड़ा कचरा फेका जाता है तो ग्राम पंचायत पंचायती राज एक्ट के अन्तर्गत ऐसे लोगों के विरूद्ध पेनाल्टी निर्धारित वसूली की कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने सामुदायिक शौचालयों का निर्माण बस्ती के निकट कराने का निर्देश दिया तथा उनके संचालन, साफ-सफाई एवं उपयोगिता की दैनिक जांच की जा सके। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा बताया गया कि 18 गंगा के किनारों के गावों में भी अपशिष्ठ प्रबन्धन हेतु डीपीआर बनवाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास के लाभाथिर्यों को अभियान चलाकर शत् प्रतिशत शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0सी0 शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार सहित सम्बान्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

आवास हेतु प्रधान द्वारा धन लेने की शिकायत की गम्भीरता से होगी जाँच और प्रधान के विरुद्ध सख्त कार्यवाही-जिलाधिकारी

(आधुनिक मसाचार सेवा)

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में शासन की विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों,50 लाख रूपये से अधिक लागत की परियोजनाओं एवं कार्यो के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी डॉ0नितिन बंसल ने सख्त तेवर दिखाते हुए कहा कि जिन प्रधानों के विरुद्ध आवास निर्माण में धन लेने की शिकायत मिलेगी उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। इसमें मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया,परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 आर0सी0 शर्मा, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, डीसी एनआरएलएम एन0एन0 मिश्रा, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश सिंह सहित सहित जिला स्तरीय अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में सहायक श्रमायुक्त के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान अवर अभियन्ता लघु सिंचाई द्वारा बताया गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में 412 निःशुल्क बोरिंग लक्ष्य प्राप्त हुआ था जिसे पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने पूर्व में स्थापित मध्यम बोरिंग के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की तो मध्यम बोरिंग के 44 लाभाथिर्यों का सत्यापन कराया गया है जिसमें सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई द्वारा दी गयी रिपोर्ट के सापेक्ष त्रुटिया पायी गयी जिसका सन्तोषजनक उत्तर न दिये जाने पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी से अपेक्षा करते हुये कहा कि लघु सिंचाई विभाग द्वारा विगत 05 वर्षो में करायी गयी मध्यम एवं गहरी बोरिंग के लाभाथिर्यों का सत्यापन कराया जाये जिसमें गलत रिपोर्टिंग पाये जाने पर इसकी जांच हेतु प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन को पत्र प्रेषित किया जाये। सिंचाई विभाग की समीक्षा करते हुये अधिशासी अभियन्ता सिंचाई अरविन्द वर्मा द्वारा बताया गया कि जनपद में अभी भी मांग के सापेक्ष पर्याप्त जलापूर्ति नही हो पायी है जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि इस सम्बन्ध में प्रमुख सचिव सिंचाई को उनके स्तर से पत्र भेजवाया जाये ताकि जनपद में सिंचाई हेतु जलापूर्ति में कोई कठिनाई न हो। पंचायती राज विभाग की समीक्षा के सम्बन्ध में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में 1190 सामुदायिक शौचालय पूर्ण हो गये है 03 सामुदायिक शौचालय दशरथपुर पट्टी, रहेटुआ परशुरामपुर गौरा, सरायलालमती रामपुर संग्रामगढ़ में जल्द ही निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सामुदायिक शौचालय जिस उद्देश्य के लिये बनाये गये है उन सभी का शत् प्रतिशत संचालन एवं उपयोग सुनिश्चित कराया जाय। आँगनबाड़ी भवनों की मरम्मत के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कायाकल्प योजनान्तर्गत जो आंगनबाड़ी भवन जर्जर या मरम्मत योग्य है अभियान चलाकर उनकी मरम्मत करायी जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभाथिर्यों का सर्वे करा लिया जाये जिन्हें अभी तक शौचालय नही प्राप्त हुआ है अभियान चलाकर उन्हें शौचालय का लाभ दिलाया जाय। जिलाधिकारी ने आवास के चयन या निर्माण में प्रधान द्वारा धन लेने की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये निर्देश दिया कि जहां से शिकायत प्राप्त हो उसकी गम्भीरता से जांच करायी जाये तथा ऐसे ग्राम प्रधानों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा के दौरान डीसी एनआरएलएम द्वारा बताया गया कि जनपद में 6760 समूह गठन का लक्ष्य निर्धारित है, जनपद में चयनित 51 आईसीआरपी द्वारा 1458 समूहों का गठन कराया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि समूहों का गठन कराने के बाद यह भी सुनिश्चित किया जाये कि समूह द्वारा पंचसूत्रों का पालन कर नियमित बैठक एवं अंशदान जमा किया जा रहा है तथा उनके अन्दर सहकार की भावना पैदा हो रही है ताकि आगे चलकर महिलायें स्वरोजगार की तरफ उन्मुख हो सके। चयनित आईसीआरपी के भ्रमण कार्यक्रम एवं उनके गतिविधियों की भी जांच करा ली जाये। मनरेगा की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने अमृत सरोवर के सम्बन्ध में मीडिया में छप रही नकारात्मक खबरों के सम्बन्ध में नाराजगी व्यक्त की और डीसी मनरेगा को निर्देशित किया कि अमृत सरोवर के सम्बन्ध मीडिया में प्रकाशित/प्रसारित अमृत सरोवर की जांच करा ली जाये यदि शिकायत सही पायी जाये तो सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाये, यदि प्रकाशित/प्रसारित खबर तथ्यात्मक एवं निराधार है तो उसका खण्डन प्रकाशित/प्रसारित कराया जाय।

थाना शंकरगढ़ पुलिस द्वारा 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 30 केग्रा0 अवैध गांजा बरामद

(आधुनिक मसाचार सेवा)
शंकरगढ़। श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज महोदय के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध

चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे श्रीमान् पुलिस अधीक्षक यमुनापर व श्रमान् क्षेत्राधिकारी बारा के पर्यवेक्षण मे थानाध्यक्ष शंकरगढ मनोज कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा दिनांक 06.09.2022 को मुखबिर की सूचना पर सेन नगर तिराहे के पास थानाक्षेत्र शंकरगढ से 03 अभियुक्त 1. सोनू भारतीया पुत्र इन्दल भारतीया निवासी बबन्धर थाना बारा जनपद प्रयागराज। 2. मोनू भारतीया पुत्र इन्दल भातीया निवासी बबन्धर थाना बारा जनपद प्रयागराज तथा 3. सौरभ राय पुत्र संजय राय नि0 ग्राम नारायणपुर कालोनी मकान नं0 22 थाना नैनी प्रयागराज को गिरफ्तार/बरामदगी के सम्बन्ध मे थना शंकरगढ मे मं0अ0सं0-260/2022 धरा 8/ NDPS Act पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। **गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-** 1. सोनू भातीया पुत्र इन्दल भारतीया निवासी बबन्धर थना बारा जनपद प्रयागराज 2. मोनू भारतीया पुत्र इन्दल भारतीया निवासी बबन्धर थाना बारा जनपद प्रयगारज । 3. सौरभ राय पुत्र संजय राय नि0 ग्राम धनुहा नारायणपुर कालोनी मकान नं0 22 थाना नैनी प्रयागराज। **बरामदगी का विवरणः-** 30 किग्रा0 अवैध गांजा। **पंतीकृत अभियोग का विवरणः-** 1. मु0अ0सं0 260/2022 धारा 8/20 NDPS Act थाना शंकरगढ प्रयागराज। **आपराधिक इतिहास अभियुक्त सोनू भारतीयाः-** 1. मु0अ0सं0 260/2022 धारा 8/20 NDPS Act थाना शंकरगढ प्रयागराज। 2. मु0अ0सं0 074/2021 धारा 395/412 भादवि0 थाना बारा प्रयागराज। 3. मु0अ0सं0 091/2021 धारा 3/25 आर्म्स Act थाना बारा प्रयागराज। 4. मु0अ0सं0 153/2018 धारा 323/504/506 भादवि0 थाना बारा प्रयागराज। **गिरफ्तार करने वाली टीमः-** 1. मनोज कुमार सिंह थानाध्यक्ष, उ0नि0 विवेक कुमार राय, उ0नि0 गंगाराम सोनकर, का0 सुखबीर सिंह, का0 विपिन चौधरी थाना शंकरगढ़ प्रयागराज।

आजमगढ़ में शूटिंग करने पहुंचे दिनेश लाल निरहुआ ने बीच में लगी दी जन चौपाल

(आधुनिक मसाचार सेवा)
आजमगढ़ । जिले में पहुंचे भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ फिल्म की शूटिंग के साथ जनता की समस्याएं भी सुन रहे हैं। किशुनदासपुर में मंगलवार की शाम

उन्होंने शूटिंग के साथ जन चौपाल भी लगाई। बताया कि जिले पर पीएम-सीएम की कृपा है, हमले जो मांगा सब स्वीकार हो गया है। दिनेश लाल यादव निरहुआ का कहना है कि जनता ने चुनाव जिताकर वादा निभाया है तो हमें भी अपना वादा निभाना होगा। गोरखपुर-वाराणसी रेलवे लाइन को जोड़ने की प्रकिया शुरू हो गई है। इसके साथ ही जिले के जर्जर रेलवे स्टेशन को और अधिक आधुनिक बनाया जाएगा। भाजपा सांसद ने बताया कि बहुत जल्द ही एयरपोर्ट का शुभारंभ हो जाएगा, जिसका फायदा विदेश में रहने वाले जिले के लोगों को मिलेगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जिले को रिंग रोड का तोहफा दिया है, जिसके निर्माण से जाम की समस्या से निजात मिलेगी। इसके साथ ही बेलइसा के फ्लाईओवर को डबल कराया जाएगा। इसका बजट स्वीकृत हो गया है। बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फिल्म की शूटिंग के बारे में पूछा था, तो उन्होंने आजमगढ़ में शूटिंग करने की बात कही थी। ऐसे में हम अपनी फिल्मों की शूटिंग भी कर रहे है और जहां पर शूटिंग हो रहीं है वहां जनसुनवाई भी कर रहे हैं। इससे फायदा यह कि हम अपना काम करने के साथ जनता का भी काम कर ले रहे है। शीतकालीन सत्र शुरू होने में तीन माह बाकी है और इन तीन महीने हम जनता के बीच ही रहेंगे। इन तीन महीनों में तीन से चार फिल्में और वेब सीरीज बनेंगी। आजमगढ़ और वाराणसी के साथ पूर्वांचल के कलाकारों को काम मिलेगा।

वाराणसी में आवासीय जमीन के नाम पर रजिस्ट्री कर खड़ाकर दिया होटल

(आधुनिक मसाचार सेवा)
वाराणसी । काशी की हर गली होटल कारोबार से आबाद है। नई बस्तियां भी इससे अछूती नहीं। बहुतायत ने आवासीय जमीन पर होटल खड़ाकर कर लाखों की कमाई कर रहे है। इतना ही नहीं बेसमेंट को शादीघर, पार्टी हाल में तब्दील कर सड़क को वाहन स्टैंड बना दिया है। यह सब जिम्मेदारों की जानकारी में है। सामान्य लोग एक छोटा सा आवास बनाते हैं तो वीडीए के नुमाइंदे तमाम सवाल कर निर्माण रोक देते हैं। लेकिन पूंजीपतियों का बिल्डिंग पर्दे की आड़ में तानने की छूट देते हैं। रात भर चक्रमण का दावा करने वाली पुलिस को रोड पर खड़ी गाड़ियां नहीं दिखती है। लेकिन सार्वजनिक जमीन में बिना आवास वाले गरीब झोपड़ी डालकर रहता है तो बुल्डोजर से गिरवा देते हैं।बहरहाल, सरकार ने इसकी सुधि ली है । इसकी जांच आज से शुरू होगी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

नियमो का अनुपालन कराएगा। पुलिस अन्य व्यवस्थाओं की जांच करेगा। यह जांच पूर्व की तरह ही होगा या कुछ अलग। इन सवालों का जवाब तीन चार दिन में दिख जाएगा। शहर की घनी बस्तियों गोदौलिया, दशाश?वमेध, अस्सी, सोनारपुरा, पांडेय हवेली, रामापुरा, लक्सा रथयात्रा, चौक, बेनियाबाग, नब्बे फीसद गंगा घाट पर, अस्सी, लंका, पहड़िया, सारनाथ समेत दर्जनों इलाके में सैकड़ों होटल , रेस्टोरेंट चल रहे है। सराय अधिनियम में न इनका नाम दर्ज है न ही पंजीकरण हुआ है। प्रशासन के पास भी आधी अधूरी लिस्ट है। ऐसा नहीं कि इसकी कभी जांच नहीं हुई। जांच अनगिनत बार हुआ है पर किसी पर कोई आंच नहीं आई। नोटिस व एनओसी तक ही प्रक्रिया सीमित रह गई।अवैध होटल कारोबार पर अंकुश लगा पाना आसन नहीं। जांच मुकम्मल न होने के पीछे कई कारण है। सबसे मुख्य वजह नक्शे कैसे पास हुए। इस सवाल का जवाब वीडीए के पास है लेकिन वह कभी जवाब नहीं देगा, अगर नक्शा पास नहीं तो निर्माण कैसे हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी आ रहे है

(आधुनिक मसाचार सेवा)
वाराणसी । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय यात्रा पर आठ सितंबर को काशी आएंगे। प्रोटोकाल के मुताबिक मुख्यमंत्री मऊ से प्रस्थान कर

शाम साढ़े पांच बजे बीएचयू हेलीपैड पर उतरेंगे। बीएचयू में निर्माणाधीन परियोजनाओं को देखेंगे। अधिकारियों से विकास कार्यों की चर्चा करेंगे। भुल्लनपुर पीएसी में निर्माणाधीन बैरक का निरीक्षण करेंगे। संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में निर्माणाधीन कार्यों को भी देखेंगे। इसके बाद श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। रात सवा दस बजे सर्किट हाउस आएंगे। रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन सुबह साढ़े नौ बजे पुलिस लाइन हेलीपैड से जौनपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। जौनपुर के बाद गाजीपुर में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद मुख्यमंत्री पुनः दोपहर तीन बजे वाराणसी पुलिस लाइन हेलीपैड पर उतरेंगे। शाम को भाजपा की ओर से रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर सिगरा में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के बाद लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। हालांकि प्रोटोकाल इस बाबत जारी नहीं है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्यमंत्री-प्रधानमंत्री के रूप में 20 वर्ष के सफल कार्यकाल व प्रशासनिक दक्षता पर प्रकाशित पुस्तक मोदी 20 पर नौ सितंबर को शाम चार बजे सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि होंगे। भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव ने बताया कि मोदी 20 ड्रीम्स मीट डिलिवरी पुस्तक का विमोचन 11 मई को नई दिल्ली में हुआ था। लोकतांत्रिक सरकार के प्रमुख के रूप में प्रधानमंत्री के सफर को रेखांकित करने वाली यह पुस्तक विमोचन के दो दिन के अंदर ही अमेजन पर बेस्ट सेलर सूची में शामिल हो गई। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने बताया कि पुस्तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 20 साल की राजनीतिक यात्रा के बारे में है। यह कार्यक्रम पहले 28 जुलाई को होना था लेकिन अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गया था।

वाराणसी ईवीएम प्रकरण में जेल गए 27 समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को अखिलेश यादव देंगे एक-एक लाख रुपये

(आधुनिक मसाचार सेवा)
वाराणसी। ईवीएम प्रकरण में जेल भेजे गए कार्यकर्ताओं को समाजवादी

पार्टी न्यायिक कार्यों में आर्थिक सहयोग करेगी। इसके लिए सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से 27 कार्यकर्ताओं के नाम से एक-एक लाख रुपये के चेक जारी किए जा चुके है। इसे जल्द ही संबंधित कार्यकर्ताओं के घर पहुंचाया जाएगा। उन्हें पार्टी की ओर से सम्मानित भी किया जाएगा। किशन दीक्षित ने मंगलवार को पराड़कर स्मृति भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। कहा कि भाजपा सरकार द्वेषपूर्ण भावना से ग्रसित होकर सपा कार्यकर्ताओं पर फर्जी मुकदमे लगा कर जेल भेज रही है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पिछले दिनों जिला कारागार में सपा नेताओं-कार्यकर्ताओं से मुलाकात की थी। साथ ही जिलाध्यक्ष सुजित यादव लक्कड व किशन दीक्षित से कार्यकर्ताओं के बारे में जानकारी ली थी। उस दौरान किशन दीक्षित ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से जेल में बंद कार्यकर्ताओं की आर्थिक स्थिति की जानकारी दी थी। इसमें धन की कमी से जमानत व न्यायिक कार्यों के लिए आर्थिक मदद का आग्रह किया था। उसका संज्ञान लेते हुए अखिलेश यादव ने सपा के 27 कार्यकर्ताओं-नेताओं को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक मदद के लिए किशन दीक्षित को लखनऊ बुला कर चेक सौंपा। इसे जल्द ही हर कार्यकर्ता को उपलब्ध करा दिया जाएगा।किशन दीक्षित ने कहा कि विस चुनाव की मतगणना से ठीक पहले ईवीएम मशीन को पहडिया स्ट्रांग रूम से निकाल कर बाहर किसी अन्य जगह ले जाया जा रहा था।

प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रर्मो की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

क्र0सं0	ट्रेड का नाम	ट्रेड की अवधि	योग्यता
1.	कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर)	1 वर्ष	12वी पास
2.	फिटर	2 वर्ष	10वी पास
3.	डाटा इंट्री ऑपरेटर	6 माह	10वी पास
4.	फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी	6 माह	8वी पास
5.	सेक्योरिटी सर्विस	6 माह	8वी पास
6.	कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली	1 वर्ष	10वी पास
7.	सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन	1 वर्ष	10वी पास
8.	इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स	1 वर्ष	8वी पास
09.	रेफ्रिरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग	1 वर्ष	8वी पास
10.	योगा असिस्टेन्ट	1 वर्ष	10वी पास
11.	वेल्डिंग टेक्नोलॉजी	1 वर्ष	8वी पास
12.	कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स	1 वर्ष	10वी पास

प्रस्तुत विभन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्रः** सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   नोटः आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा विद्यार्थियों के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथिः 15 सितंबर 2022
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज
सम्पर्क सूत्रः– 7518828710, , 9415608710, 6386474074, 9415608790

आपराधिक प्रवृत्ति के शातिर हत्यारे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

(आधुनिक मसाचार सेवा)
चोपन/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा

रहे अभियान के अन्तर्गत थाना चोपन पुलिस के अथक प्रयास से सोमवार को वैष्णो मन्दिर डाला से हत्या का आरोपी गिरफ्तार कर मा 0 न्यायालय भेजा जा रहा है । मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस घटना का त्वरित संक्षिप्त विवरण दिनांक 31.08.2022 को समय करीब 11.30 बजे जरिये सूचना प्राप्त हुई की एक मृतक व्यक्ति का शव चोपन गांव में गौशाला से कुछ दूर टीले / खेत मे पड़ा है । इस सूचना पर मौके पर थाना स्थानीय की पुलिस पुहँची । मृतक व्यक्ति की पहचान रविशंकर गोड पुत्र स्व 0 राजेन्द्र गोड निवासी चोपन गांव थाना चोपन सोनभद्र उम्र करीब 35 वर्ष के रूप में की गई । मौके पर उपस्थित गांव वालों के समक्ष मृतक के पत्नि फुलेश्वरी की आकस्मिक सूचना के आधार पर मृतक का पंचायत नामा कर पोस्टमार्टम की कार्यवाही पूर्ण की गयी । पांच सितंबर को प्रातः 08.30 बजे मृतक के भाई कमलेश कुमार गोड़ पुत्र स्व 0 राजेन्द्र निवासी चोपन गांव के तहरीरी सूचना प्राप्त हुई । जिसमे आशकां व्यक्त की गयी है कि मेरे भाई रविशकर की हत्या विनोद वैगा पुत्र शिवनाथ वैगा निवासी बिल्ली मारकुण्डी के द्वारा की गयी है । मुकदमा पंजिकृत करा कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रभारी निरीक्षक चोपन द्वारा प्रारम्भ किया गया । नियमानुसार विवेचना में अन्य कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त को गिरफ्तार समय करीब 06:30 बजे गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मै दिनांक 31 अगस्त को डाला बाजार चला गया था , जब वापस शाम 07: 00 बजे अपने घर वापस आया तो बारिश हो रही थी । अपनी झोपड़ी के बाहर अपनी साईकिल खड़ा किया तो साईकिल की आवाज सुनकर मेरे झोपड़ी के अन्दर बैठे रविशंकर गोड़ व मेरी पतनै उठकर बाहर आये । मैनै रविशकर से पूछा कि जब मै नहीं रहता हूँ तभी तुम घर में आते हो , मै रहता हूँ तब तुम क्यों नहीं आते । इस बात पर वह मुझसे हाथापाई करने लगा । मैने अपनी पतनै को डांटा व वही छप्पर मे रखे बांस का बेत / डण्डा को उठा कर जान से मारने की नियत से रविशकर के सर पर जोर से मारा । जिससे वह लड़खड़ता हुआ बाहर निकला व 50-60 / कदम दूर जाकर टीले / खेत में गिर गया । मैने जाकर देखा तो वह मर चुका था । जिसके उपरांत मु 0 अ 0 सं 0 व धारा जिसमें बरामदगी एवं गिरफ्तारी की गयी- मु 0 अ 0 सं 0 233/2022 धारा 302 भादवि दर्ज किया गया है इस दौरान टीम - चोपन थानाध्यक्ष लक्ष्मण पर्वत उ 0 नि 0 नवनीत कुमार चौरसिया , का. योगेश चंद्र मौर्या, का. अर्पित मौर्या शामिल रहे।

10 लीटर अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

(आधुनिक मसाचार सेवा)
(डाला) सोनभद्र। डाला सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय , क्षेत्राधिकारी नगर

के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों मादक द्रव्य पर अंकुश हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत दिनांक 6/9/22 हो समय शाम 7:30 बजे शाम को मां मुनन्र देवी पेट्रोल पंप के सामने से गुड्डू गौड़ पुत्र स्वर्गीय राम गोविंद निवासी बाड़ी डाला शंभू कटरा थाना चोपन जनपद सोनभद्र को 10 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम एसआई सुरेश चंद्र दिवेदी प्रभारी चौकी डाला व कांस्टेबल मुकेश। प्रभारी निरीक्षक चोपन

विश्व में कहीं भी ले सकेंगे मिर्जापुर के मिर्च, टमाटर का स्वाद

(आधुनिक मसाचार सेवा)
मिर्जापुर। मिर्च, टमाटर और प्रयागराज के प्रयागराज के अमरूद का स्वाद अब विश्व में कहीं भी ले सकेंगे। अब मिर्जापुर से सब्जी, फल, मछली आदि का विदेशों में निर्यात आसान होगा। अब मिर्जापुर के टमाटर व मिर्च और प्रयागराज के अमरूद का स्वाद दुनिया के किसी कोने में लिया जा सकेगा। किसान फल, सब्जियों के अलावा मछलियों का निर्यात किसी भी देश में कर सकेंगे। इसके लिए पूर्वांचल में कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मंगलवार को चुनार के रामबाग में सरदार वल्लभ भाई पटेल निर्यात सुविधा केंद्र की आधारशिला रखी। उन्होंने भूमि पूजन के साथ ही पौधरोपण भी किया। उन्होंने बताया कि चुनार में प्रस्तावित निर्यात सुविधा केंद्र देश में अपनी तरह का पहला बुनियादी ढांचा होगा, जहां एक ही छत के नीचे कई सुविधाएं उपलब्ध

होंगी। उन्होंने बताया कि यह केंद्र कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण की रणनीति का हिस्सा है। इसके जरिए वैश्विक स्तर पर आसपास के क्षेत्रों में व्यापक रूप से कृषि खाद्य उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने सब्जियों से भरे एक वाहन को संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान किसानों और निर्यातकों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को साग-सब्जियों, अनाज उत्पादन की आधुनिक विधि व उससे होने वाले लाभ के बार में जानकारी दी। रामबाग स्थित सुरभि शोध संस्थान में केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि चुनार में कृषि निर्यात का केंद्र बन जाने के बाद यहां से किसान साग, सब्जी, फल, अनाज आदि का बड़े पैमाने पर उत्पादन कर उसे सुरक्षित तरीके से विदेश में भेज सकेंगे। केंद्र स्थापित होने से कृषि निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। किसानों को उनके उत्पादों का सही मूल्य भी मिल सकेगा। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

ओबरा सोनभद्र नगर में वीआईपी रोड पर लगने वाली सब्जी मंडी मे दुकाना को न हटाने की दी अरजी

(आधुनिक मसाचार सेवा)
सोनभद्र। ओबरा सोनभद्र नगर में वीआईपी रोड पर लगने वाली सब्जी मंडी व फल की दुकानों को वहां से ना हटाया जाए इस विषय

को लेकर ओबरा मंडल अध्यक्ष सतीश पांडे जी व व्यापार मंडल के जिला महामंत्री सुशील कुशवाहा जी के द्वारा तत्काल सब्जी व फल विक्रेताओं के साथ माननीय उप जिलाधिकारी महोदय व अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत महोदय के समक्ष इस बात को रखा गया कि यह सभी गरीब लोग हैं इन्हें यहां से ना हटाया जाए जिस पर माननीय उप जिलाधिकारी महोदय जी ने तुरंत यह आदेश जारी किया कि कोई भी सब्जी व फल विक्रेता अपने एक सीमित दायरे में लगाकर ही अपने व्यवसाय को चलाएं जिससे कि किसी भी तरह की आने जाने वाले जनता को असुविधा ना हो मंडल अध्यक्ष सतीश पांडे व सुशील कुशवाहा के द्वारा व सब्जी विक्रेता की तरफ से यह आश्वासन माननीय उप जिलाधिकारी जी को दिया गया की इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए ही यह सभी अपना व्यवसाय करेंगे जिसपर उपजिलाधिकारी जी के द्वारा सभी को सब्जी व फल की दुकानें लगाने की अनुमति दी गई इस मौके पर इस मौके पर सतीश पांडे सुशील कुशवाहा सुशील मिश्रा संग्राम आदर्श सिंह अनिल सिंह गुरु जी वीरेंद्र मित्तल व सब्जी व फल विक्रेता उपस्थित रहे।

युवाओं से मिलकर कौशल विकास से जोड़ने के लिए करें प्रोत्साहित

(आधुनिक मसाचार सेवा)
सोनभद्र। प्रदेश के व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मंगलवार को अष्टभुजा डाक बंगले में अधिकारियों के साथ बैठक करके विभाग की तरफ से संचालित योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी ग्रामीण युवाओं से मिलकर उन्हें कौशल विकास से जुड़े कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देकर प्रोत्साहित करें। बैठक के बाद उन्होंने मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद व्यापारियों की समस्याओं की सुनवाई की। वे भाजपा के स्थानीय पदाधिकारियों से भी मिले। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने आईटीआई में प्रवेश की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बैठक में मौजूद आईटीआई प्रधानाचार्यों को प्रवेश प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही यह निर्देश भी दिया कि जितने भी नए फार्म भरवाए जाएं, सभी का प्रवेश लें। मिर्जापुर में अभी तक 68 प्रतिशत आवेदकों का प्रवेश हुआ है। राज्यमंत्री कौशल विकास को लेकर गंभीर नजर आए। उन्होंने कहा कि कौशल विकास से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रम में युवाओं की सहभागिता कम हो रही है। कुछ लोग प्रशिक्षण कोर्स में प्रवेश लेने के बाद छोड़ देते हैं। ऐसे युवाओं को अधिकारी उनसे मिलकर प्रोत्साहित करें। उन्होंने कौशल विकास जुड़े कमिर्यों को ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर युवाओं से मिलने के लिए कहा। उन्होंने कौशल विकास से युवाओं को जोड़ने के लिए जनप्रतिनिधियों से संपर्क करने का भी निर्देश दिया। कार्यक्रम में नगर विधायक रतनकर मिश्र, मडि़हान विधायक रमाशंकर पटेल, आलोक कुमार, सत्यदेव दूबे, जेके सिंह, अनिल कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे। बैठक के बाद राज्य मंत्री ने कसरट्टी स्थित प्रवीण कुमार के आवास पर भाजपा व वैश्य समाज नेता संतोष गोयल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं की सुनवाई भी की। व्यापारियों ने उन्हें मांगों से संबंधित ज्ञापन भी दिया। राज्यमंत्री व्यापारियों को उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान पवन कुमार शर्मा, मनीष गुप्ता, श्याम सिंह, सोनू दुबे, आकाश, राजेंद्र पटेल, राजन गुप्ता, सत्य नारायण सिंह, कृष्णानंद हैहयवंशी, दीपक जायसवाल, विजय गुप्ता, रामकुमार, श्रीकिशन कसेरा, सुशील कुमार, अनुराग सिंह आदि मौजूद रहे।

पति समेत पांच लोगों पर दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज

(आधुनिक मसाचार सेवा)
सोनभद्र। हलिया थाना क्षेत्र के विलरा पटेहरा गांव निवासी ललिता देवी ने मंगलवार को थाने में तहरीर देकर पति, सास, ससुर व दो देवरों के खिलाफ दहेज के लिए प्रताडित करने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर में उन्होंने बताया है कि आठ मार्च 2019 को अजय कुमार पुत्र संतोष, निवासी नैनुआ, थाना करछना, जनपद प्रयागराज के साथ उनकी शादी हुई थी। उस दौरान पिता की तरफ से सामर्थ्य के अनुसार बाइक व दो लाख रुपये दिए गए थे। उन्होंने तहरीर में आरोप लगाया है कि पति अजय कुमार, देवर संजय कुमार व अतुल कुमार, ससुर संतोष कुमार, सास पार्वती देवी चार पहिया गाड़ी व पांच लाख रुपये दहेज की मांग करते हुए प्रताडि़त करते हैं। आरोपियों ने मारपीट कर घर से 20 नवंबर 2021 को निकाल दिया। किसी तरह से मायके पहुंचकर परिजनों के पूरी जानकारी दी। उन्होंने यह आरोप भी लगाया है कि ससुराल वालों ने कुछ दिन बाद मायके में आकर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए बगैर कार व पांच लाख रुपये के घर पर आने पर जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया विवाहिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर इस मामले की जांच की जा रही है।

तीन सीओ व 17 निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल

(आधुनिक मसाचार सेवा)
सोनभद्र। जिले की कमान संभालने के बाद पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पहला फेरबदल किया है। उन्होंने तीन सीओ, 17 निरीक्षकों और 16 उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल किया है। पुलिस अधीक्षक ने हाल ही में सीओ बने परमानंद कुशवाहा को लालगंज सर्किल की जिम्मेदारी सौंपी है। उमाशंकर सिंह को लालगंज से हटाकर अपराध और आंकिक सर्किल की जिम्मेदारी दी गई है। अरुण कुमार सिंह के स्थानांतरण से खाली हुए सीओ यातायात के पद पर अनिल कुमार पांडेय की तैनाती की गई है। जिगना थाने काफी दिनों से प्रभारी के रूप में सच्चिदानंद राय तैनात थे। वहां जमालपुर थानाध्यक्ष अरविंद सरोज को प्रभारी बनाया गया है और लाइन में तैनात मनोज कुमार को जमालपुर का नया प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह से शहर कोतवाली में तैनात निरीक्षक श्रीराम सिंह यादव को अपराध शाखा का प्रभारी बनाया गया है। चौकी प्रभारी वासलीगंज रामकुमार सिंह को अपराध शाखा के विवेचना विंग, निरीक्षक अखिलेश कुमार पांडेय को अपराध थाना विंध्याचल, अजय विक्रम यादव को अपराध शाखा विवेचना विंग, राकेश कुमार को थाना चुनार से प्रभारी एएचटीयू बनाया गया है। इरफान अली को थाना अदलहाट से हटाकर निरीक्षक अपराध थाना लालगंज, दिनेश प्रसाद यादव को थाना अहरौरा से निरीक्षक अपराध कोतवाली देहात में तैनाती दी गई है। सुभाष कुमार यादव को चौकी प्रभारी इमिलियाचट्टी से हटाकर शिकायत प्रकोष्ठ व आयोग सेल का प्रभारी बनाया गया है। रामनिवास सिंह को चौकी प्रभारी पटेहरा से पुलिस अधीक्षक का वाचक व समन सेल का प्रभारी बनाया गया है। अजय कुमार यादव को विंध्य धाम सुरक्षा से हटाकर अपराध शाखा के विवेचना विंग में तैनाती दी गई है। जय बहादुर यादव को पुलिस लाइंस से हटाकर प्रभारी न्यायालय क्यूआरटी बनाया गया है। चकधारी ओझा को पुलिस लाइंस से हटाकर नक्सल सेल का प्रभारी, सनवर अली को पुलिस लाइंस से प्रभारी न्यायालय सुरक्षा बनाया गया है। प्रेमशंकर तिवारी को पुलिस लाइंस से हटाकर चुनार थाने में अपराध शाखा का निरीक्षक, नीरज कुमार पाठक को पुलिस लाइंस से हटाकर मीडिया सेल की जिम्मेदारी दी गई है। वीरेंद्र सिंह को पुलिस लाइंस से हटाकर रिट सेल का प्रभारी बनाया गया है। उप निरीक्षकों में विनय कुमार सिंह को अदलहाट, रामनाथ सिंह को जमालपुर, लालसाहब सिंह को महिला थाना, जवाहर प्रसाद को विंध्याचल, देवेंद्र नाथ राय को हलिया, सुदर्शन पाठक को जिगना, नारद सिंह को मडि़हान, शिवजी यादव को विंध्याचल थाने में तैनात किया गया है। इसी तरह से अखिलेश कुमार सिंह को महिला थाना, नेपाल सिंह को जिगना, शैलेंद्र कुमार शर्मा को पड़री, रामसुरेश को कछवां, विद्या भूषण राय को जमालपुर, सुभाष चंद्र उपाध्याय को अदलहाट, अवधेश कुमार सिंह को हलिया, उदय प्रताप उपाध्याय व अनिल कुमार सिंह को विंध्याचल थाने में उप निरीक्षक के पद पर तैनात किया गया है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बोले, अपने गठबंधन की चिंता करें अखिलेश

(आधुनिक मसाचार सेवा)
सोनभद्र। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा है कि सपा के कई विधायक भाजपा के संपर्क में हैं। अखिलेश यादव अपने गठबंधन की चिंता करें।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर पलटवार करते हुए कहा है कि वह उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की नहीं अपने गठबंधन की चिंता करें। उनके कई विधायक हमारे संपर्क में हैं।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने का कि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य संगठन के प्रमाणित और भाजपा की विचारधारा के लिए समर्पित कार्यकर्ता हैं। वह सदैव हमारे साथ रहेंगे और किसी स्वार्थ में पड़ने वाले नेता नहीं है। अखिलेश यादव अपनी पार्टी व गठबंधन की चिंता करें।बता दें कि सपा अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्य को लेकर अक्सर बयान देते रहते हैं और भाजपा पर पिछड़ों के साथ अन्याय का आरोप लगाते हैं जिस पर भाजपा अध्यक्ष ने पलटवार किया है।अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा था कि भाजपा सरकार पिछड़ों, दलितों, वंचितों और अल्पसंख्यकों को धोखा दे रही है। भाजपा जातीय जनगणना की मांग पर चुप्पी साधे है। जातीय जनगणना होने से समाज के प्रत्येक वर्ग का विकास में प्रतिनिधित्व तय हो जाता। सबकी भागीदार निश्चित हो जाती। इसी तरह समाजवादी सरकार ने 17 जातियों को अनुसूचित जाति का दर्जा देने की दिशा में जो कदम उठाए थे उन्हें भाजपा सरकार ने विफल कर पिछड़ों और दलितों के साथ अन्याय किया है।सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार समाजवादी पार्टी के नेतृत्व के खिलाफ अभियान चलाने की रणनीति पर काम कर रही है। लेकिन अब भाजपा की कोई साजिश सफल नहीं होगी। समाजवादी पार्टी युवाओं की पार्टी है। वह इसकेहर अभियान को फेल कर देगी।

अफगानिस्तान के खिलाफ पाकिस्तान की जीत दो टीमों को निकाल देगी एशिया कप से बाहर

(आधुनिक मसाचार सेवा)
नई दिल्ली। शारजाह के मैदान पर बुधवार को पाकिस्तान सुपर 4 के अपने दूसरे मैच में अफगानिस्तान की टीम से भिड़ेगी। यह मैच न केवल पाकिस्तान के लिए बल्कि दो और टीम भारत और अफगानिस्तान के लिए भी बेहद जरूरी है। इस मैच के रिजल्ट पर एशिया कप में इन दो टीमों के आगे का भविष्य निर्भर करेगा। अफगानिस्तान को सुपर 4 के पहले मैच में श्रीलंका के हाथो हार मिली थी और अब उसके लिए भी जीत के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। शारजाह में जब दो पड़ोसी मुल्क की टीम आमने.सामने होगी तो इस मैच पर भारतीय फैंस भी नजरें गड़ाए रखेंगे। कारण साफ है कि यदि आज के मैच में अफगानिस्तान चमत्कार करने में सफल रहती है और पाकिस्तान को हरा देती है तो भारत की उम्मीदों को एक नया पंख मिल जाएगा।

लेकिन अगर पाकिस्तान की टीम इस मैच को जीतने में कामयाब हो जाती है तो दो टीमों अफगानिस्तान और भारत का सफर एशिया कप में खत्म हो जाएगा। आज की जीत के साथ ही पाकिस्तान और श्रीलंका की टीम 2.2 मैच जीत जाएगी और उसका फाइनल में पहुंचना लगभग तय हो जाएगा। शारजाह में खेले जाने वाले इस मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ पाकिस्तान का पलड़ा ज्यादा भारी है। पाकिस्तान की टीम न केवल बल्लेबाजी में बल्कि गेंदबाजी में भी अच्छा कर रही है। मोहम्मद रिजवान और फखर जमां के बल्ले से लगातार रन निकल रहे हैं। भारत के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में जीत के साथ पाकिस्तान टीम का हौसला बुलंद है और वह किसी भी तरह से अफगानिस्तान को हल्के में नहीं लेना चाहेगी जो लीग में अच्छे मुकाबले जीत कर यहां पहुंची है। पाकिस्तान की टीम ने सुपर 4 के अपने पहले मैच में टीम इंडिया को 5 विकेट से हराया था जबकि अफगानिस्तान की टीम को श्रीलंका के खिलाफ हार मिली थी। श्रीलंका ने अफगानिस्तान को 4 विकेट से हराया था।

सप ज्तवचीलरू कोलकाता व अहमदाबाद में होंगे सैयद मुश्ताक और हजारे टूर्नामेंट के नॉकआउट मैच

(आधुनिक मसाचार सेवा)
नई दिल्ली। कोलकाता और अहमदाबाद क्रमशरू सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के नाकआउट चरण की मेजबानी करेंगे जबकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ;बीसीसीआइद्ध अगले कुछ महीनों में दो ईरानी कप मैच कराएगा। घरेलू टी.20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्राफी 11 अक्टूबर से पांच नवंबर तक होगा जबकि विजय हजारे वनडे प्रतियोगिता 12 नवंबर से दो दिसंबर तक चलेगी। लखनऊए इंदौरए राजकोटए पंजाब और जयपुर मुश्ताक अली ट्रॉफी के लीग चरण की मेजबानी करेंगे जबकि मुंबईए बेंगलुरुए दिल्लीए कोलकाता और रांची विजय हजारे के लीग चरण के मैचों का आयोजन करेंगे। बीसीसीआइ 2020 के बाद पहली बार पूर्ण घरेलू सत्र का आयोजन कर रहा है। रणजी ट्रॉफी 2020 चैंपियन सौराष्ट्र एक से पांच अक्टूबर तक शेष भारत की मेजबानी करेगा जबकि मौजूदा चैंपियन मध्य प्रदेश अगले साल एक से पांच मार्च तक शेष भारत के विरुद्ध अपने मैदान पर खेलेगा। बीसीसीआइ ने अपनी राज्य इकाइयों से साझा किए कार्यक्रम में यह जानकारी दी। अपनी पहली रणजी खिताबी जीत के बाद सौराष्ट्र मार्च 2020 में कोविड.19 के प्रकोप के कारण ईरानी कप मैच नहीं खेल पाया था। पहली महिला अंडर.15 वनडे प्रतियोगिता 26 दिसंबर से 12 जनवरी तक बेंगलुरुए रांचीए राजकोटए इंदौरए रायपुरए पुणे में खेली जाएगी। बीसीसीआइ के राज्य इकाइयों को भेजे गए नोट के अनुसारए श्बीसीसीआइ को लड़कियों के अंडर.15 वनडे टूर्नामेंट की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस टूर्नामेंट से नई प्रतिभाओं को सामने लाने में मदद मिलेगी।श् सत्र की शुरुआत आठ से 25 सितंबर तक होने वाली दलीप ट्राफी के साथ होगी। रणजी ट्राफी 12 दिसंबर से 20 फरवरी तक चलेगा।

श्रीलंका से मिली हार के बाद रोहित शर्मा ने कहा. टीम को 10.15 रन और बनाने की थी जरुरत

(आधुनिक मसाचार सेवा)
नई दिल्ली। सुपर.4 मुकाबले में श्रीलंका ने भारत को 6 विकेट से हरा दिया है। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 173 रन बनाए। इसके जवाब में श्रीलंका ने 19ण्5 ओवर में 174 रन बनाकर मैच जीत लिया। सुपर.4 राउंड में यह भारत की लगातार दूसरी हार है। इस हार के बाद पोस्ट प्रेजेंटेशन के दौरान भातीय कप्तान रोहित शर्मा ;त्वीपज ैतउद्ध ने कहा कि हम यह मुकाबला हार गए बस बात इतनी सी है। मुझे लगता है कि हमारी टीम 10.15 रन अतिरिक्त बनाने में चूक गई। उन्होंने आगे कहाए श्गेंदबाजी की बात करूं तो दूसरा हाफ यानी 10 ओवर से लेकर 20 ओवर के बीच हमनें अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। रोहित ने आगे कहाए श्ऐसी हार की वजह से खिलाड़ी बहुत कुछ सीखते भी हैं। गेंदबाजी के दौरान हमारी टीम के स्पिनर्स ने अच्छी गेंदबाजी की और विकेट भी लिए लेकिन श्रीलंका के बल्लेबाजों ने संयम बनाए रखा। श्रीलंका के दाहिने हाथ के बल्लेबाजों ने कमाल की बैटिंग की।श् रोहित ने कहाए श्मैंने एक समय दीपक हुड्डा से गेंदबाजी कराने के बारे में भी सोचा था लेकिन फिर मैनें अपना मन बदल लिया और तीन तेज गेंदबाजों के साथ ही गेंदबाजी कराने का फैसला किया। अफसोस की बात है कि आवेश खान फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर सके।गौरतलब है कि रोहित ने कहाए श्हमें चार तेज गेंदबाजों के साथ मैदान में उतरना चाहिए था लेकिन वर्ल्ड कप से पहले तीन गेंदबाजों के साथ खेलने का हमने प्रयास किया। उन्होंने कहा कि यह हार हमें बहुत कुछ सीखा कर जाएगी। रोहित ने कहाए श्अर्शदीप ने आखिरी ओवर में जिस तरह गेंदबाजी की वो काबिले तारीफ है।

दीपक चाहर भारतीय टीम में हुए शामिल आवेश खान एशिया कप से हुए बाहर

(आधुनिक मसाचार सेवा)
नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज आवेश खान एशिया कप 2022 से बाहर हो गए है। अब उनकी जगह टीम इंडिया में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर दीपक चाहर को शामिल किया गया है। दीपक चाहर टीम इंडिया के साथ एशिया कप 2022 के लिए यूएई गए थे और वो स्टैंड.बॉय खिलाड़ी के तौर पर दल में शामिल थेए लेकिन अब वो मुख्य टीम में आ गए हैं यानी अब वो भारत के लिए मैच खेल पाएंगे। आवेश खान बुखार के कारण एशिया कप टी.20 के बाकी मैचों से बाहर हो गए। बीसीसीआइ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि की और कहा कि आवेश खान को बुखार है और साइनस की समस्या होने से परेशानी बढ़ गई है। वह टूर्नामेंट में आगे नहीं खेल सकेंगे। दीपक चाहर यहां ही हैं और उन्हें टीम में शामिल किया गया। आवेश खान का प्रदर्शन एशिया कप के दो मैचों में ज्यादा अच्छा नहीं रहा था और वो पाकिस्तान के खिलाफ सुपर चार मैच में नहीं खेल पाए थे। आवेश खान को बुखार था और इसकी वजह से उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ सुपर चार मैच में प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं दी गई थी। इस मैच में भारतीय टीम को 5 विकेट से हार मिली थी। वहीं दीपक चाहर ने इंजरी से लंबे वक्त के बाद जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज के जरिए टीम में वापसी की थी और अच्छा प्रदर्शन किया था। इसके बाद उन्हें एशिया कप 2022 के लिए तीन स्टैंड.बॉय खिलाड़ियों में शामिल किया गया था। तीन स्टैंड.बॉय खिलाड़ियों में दीपक चाहरए अक्षर पटेल और श्रेयस अय्यर थे। इसमें से अक्षर पटेल भी रवींद्र जडेजा के चोटिल होने के बाद मुख्य टीम में शामिल किए जा चुके हैं। दीपक चाहर के इंटरनेशनल क्रिकेट करियर की बात करें तो उन्होंने भारत के लिए 9 वनडे मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 15 विकेट लिए हैं और उनका बेस्ट प्रदर्शन 27 रन देकर 3 विकेट रहा है। वहीं टी20 इंटरनेशनल मैचों में उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व 20 मैचों में किया और 26 विकेट हासिल किए हैं। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में उनका बेस्ट प्रदर्शन 7 रन देकर 6 विकेट रहा है। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में उन्होंने एक बार एक मैच में 5 विकेट लेने का कमाल किया है।

क्या एशिया कप से बाहर हो गई टीम इंडिया अब कैसे फाइनल में पहुंचेगा समझिए समीकरण

(आधुनिक मसाचार सेवा)
नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को एशिया कप के सुपर फोर में लगातार दूसरी हार झेलनी पड़ी। पहले पाकिस्तान और फिर श्रीलंका के खिलाफ मिली हार ने टीम इंडिया को फाइनल की दौड़ से लगभग बाहर कर दिया है। मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 173 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में 19ण्5 ओवर में श्रीलंका ने जीत का लक्ष्य हासिल कर फाइनल में जगह लगभग पक्की कर ली भारतीय टीम को लगातार दूसरे मैच में हार का मतलब है कि अब वह फाइनल की दौड़ से लगभग बाहर हो चुका है। टीम इंडिया को अब सिर्फ जीत ही नहीं बल्कि दूसरी टीमों के हार पर भी निर्भर करना पड़ेगा। रोहित शर्मा की टीम ने हाथ आए अच्छे मौके को गंवाया और अब डिफेंडिंग चैंपियन होने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो सकती है। वैसे क्रिकेट के खेल में कुछ भी कहा जाता है और फाइनल की दो टीमें कौन सी होंगी इसके लिए इंतजार करना होगा। भारत ने ग्रुप मुकाबले में पाकिस्तान और हांगकांग के खिलाफ शानदार जीत के साथ सुपर फोर में कदम रखा था। ग्रुप ए में भारत ने टॉप पर रहते हुए अगले दौर में जगह बनाई थी। पाकिस्तान के खिलाफ सुपर का पहला मैच भारत ने 5 विकेट से गंवाया। दूसरे मुकाबले में श्रीलंका की टीम ने 6 विकेट से मात दी। इस वक्त दो अंक तालिका कि स्थिति है उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि टीम इंडिया का फाइनल में पहुंचना मुश्किल लग रहा है। अब दो हार के बाद क्या भारतीय टीम को फाइनल में जगह मिल पाएगी ये सवाल सबके मन में है। जवाब है हां टीम इंडिया की उम्मीद अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है। भारत को फाइनल में पहुंचने के लिए पाकिस्तानए अफगानिस्तान और श्रीलंका के आगे के मुकाबलों पर निर्भर रहना होगा। अब भारत को अफगानिस्तान के खिलाफ अगला मुकाबला बड़े अंतर से जीतना होगा। इसके साथ दुआ करनी होगी की श्रीलंका और अफगानिस्तान की टीमों पाकिस्तान को हरा दे। अगर ऐसा हुआ तो श्रीलंका की टीम तीन मैच जीतकर फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन जाएगी। जबकि भारतए पाकिस्तान और अफगानिस्तान की टीम एक एक जीत के साथ सुपर फोर राउंड खत्म करेगी।

रवींद्र जडेजा के घुटने ही हुई सफल सर्जरी कहा जल्द शुरू करूंगा रिहैब

(आधुनिक मसाचार सेवा)
नई दिल्ली। चोटिल भारतीय आलराउंडर रवींद्र जडेजा ने मंगलवार को कहा कि उनके घुटने की सर्जरी सफल रही है और वह जल्द ही रिहैबिलिटेशन शुरू करेंगे। 33 वर्षीय आलराउंडर घुटने में गंभीर चोट के कारण यूएई में जारी एशिया कप 2022 से बाहर हो गए थे।रवींद्र जडेजा ने अस्पताल से अपनी फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा कि मेरी सर्जरी सफल रही है और मैं जल्द ही अपना रिहैब शुरू करूंगा और जल्द से जल्द वापसी करने की कोशिश करूंगा। कई लोग हैं जिनका मुझे समर्थन करने के लिए धन्यवाद करना हैए जिसमें बीसीसीआइए टीम के मेरे साथीए सहायक स्टाफए फिजियोए डाक्टर और प्रशंसक शामिल हैं। आप सभी का शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। रवींद्र जडेजा ने एशिया कप के शुरुआती मैच में पाकिस्तान के विरुद्ध भारत को मिली पांच विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद वह हांगकांग के विरुद्ध भी मुकाबला खेले थेए लेकिन सुपर.4 चरण से पहले बाहर हो गए थे। रवींद्र जडेजा अपनी घुटने की चोट की वजह से पिछले काफी वक्त से परेशान थे जिसकी वजह से उन्हें कई बार टीम के अंदर.बाहर होना पड़ा था। जडेजा को डॉक्टर ने पहले ही सर्जरी की सलाह दी थीए लेकिन उनकी सर्जरी नहीं हो पाई थीए लेकिन इस बार उनकी ज्यादा परेशानी को देखते हुए उनके घुटने का ऑपरेशन किया गया। अब रवींद्र जडेजा कब तक ठीक हो पाएंगे इसके बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता हैए लेकिन अगर वो वक्त पर ठीक हो जाते हैं तो टी20 वर्ल्ड कप 2022 में भारत के लिए खेलते हुए नजर आ सकते हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2022 इस बार ऑस्ट्रेलिया में अक्टूबर.नवंबर में आयोजित होना है और इसमें अभी समय है।

श्रीलंका की तिकड़ी ने बिगाड़ा टीम इंडिया का खेल भारत को महंगा पड़ गया प्रयोग

(आधुनिक मसाचार सेवा)
नई दिल्ली। एशिया कप 2022 में बतौर डिफेंडिंग चैंपियन उतरी भारतीय टीम के अब फाइनल में होने की उम्मीद कम है। सुपर फोर में टीम इंडिया को पहले मैच में पाकिस्तान ने हराया और फिर श्रीलंका के खिलाफ भी हार मिली। दो लगातार मिली हार ने टीम से फाइनल के राह लगभग नामुमकिन कर दी है। मंगलवार को श्रीलंका की तीन खिलाडियों ने भारत से जीत छीन लिया। पाकिस्तान से हार के बाद भारत से श्रीलंका के खिलाफ बेहतर खेल की उम्मीद थी। टीम इंडिया यहां भी अच्छा करने से चूक गई और नतीजा अब उसके फाइनल में पहुंचना मुश्किल हो गया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 8 विकेट पर 173 रन का स्कोर खड़ा किया। शानदार शुरुआत के दम पर श्रीलंका ने 19ण्5 ओवर में 4 विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की। इस मैच में तीन खिलाड़ी खास रहे जिसने भारतीय टीम से जीत दूर कर दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को सबसे बड़ा झटका टूर्नामेंट में दो अर्धशतक बना चुके विराट कोहली के रूप में लगा। कोहली को मधुशंका ने क्लीन बोल्ड कर वापस लौटने पर मजबूर किया। टूर्नामेंट में रन बसरा रहा बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाया। इसके बाद दीपक हुड्डा जो टीम की बड़ी उम्मीद थे उनको भी मधुशंका ने बोल्ड कर भारत को झटका दिया। भारत को ये दो विकेट भारी पड़ गए। 173 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम ने विस्फोट शुरुआत की। पहले विकेट के लिए पथुम निशंका और कुसल मेंडिस ने 97 रन जोड़ डाले। ये रन इन दोनों ने मिलकर महज 11 1 ओवर में बनाए जिसने भारत को शुरुआत में ही जीत के दूर कर दिया। निशंका 37 गेंद पर 4 चौके 2 छक्के की मदद से 52 रन बनाकर आउट हुए जबकि मेंडिस ने 37 गेंद पर 4 चौके 3 छक्के की मदद से 57 रन बनाए।

भारत के खिलाफ साउथ अफ्रीका टी20 और वनडे टीम की घोषणा

(आधुनिक मसाचार सेवा)
जोहानिसबर्ग। विकेटकीपर बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स को मंगलवार को टी.20 विश्व कप और इससे पहले भारत में होने वाली तीन मैच की टी.20 सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम में शामिल किया गया। सीमित ओवरों के प्रारूप में टीम के कप्तान तेंबा बावुमा जून में भारत में टी.20 सीरीज के दौरान बाएं कोहनी की चोट से पूरी तरह उबरने के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी करेंगे। सीनियर बल्लेबाज रेसी वान डेर डुसेन अंगुली में फ्रेक्चर के कारण ऑस्ट्रेलिया में 16 अक्टूबर से 13 नवंबर तक होने वाले टी.20 विश्व कप से बाहर हो गए। उन्हें मैनचेस्टर में इंग्लैंड के विरुद्ध दूसरे टेस्ट के दौरान यह चोट लगी थी। उन्हें सर्जरी कराने की जरूरत होगी और इससे उबरने में कम से कम छह सप्ताह लगने की संभावना है।इंग्लैंड के विरुद्ध हाल ही में टी.20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन वाले 22 वर्षीय स्टब्स को पहली बार विश्व कप टीम में जगह दी गई।

राशिफल

मेष-:शारीरिक और मानसिक लाभ के लिए ध्यान और योग उपयोगी रहेगा। बुद्धिमानी से किया गया निवेश ही फलदायी होगा, इसलिए अपनी मेहनत की कमाई को सोच-समझकर ही निवेश करें।

वृष-:आज का दिन आपके लिए बढिया रहेगा। यदि आप अपने जीवन साथी से स्नेह की अपेक्षा रखते हैं तो आज का दिन आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा। लवमेट के साथ आज कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं।

मिथुन-:आज आप में से कुछ लोग महत्वपूर्ण निणय्य लेने पर मजबूर हो सकते हैं, जिससे आप तनावग्रस्त और चिंतित हो सकते हैं. घरेलू सुख-सुविधा की चीजों पर जरूरत से ज्यादा खर्च न करें।

कर्क-:आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। इस राशि के जो लोग बेरोजगार हैं उन्हें आज किसी अच्छी कंपनी से नौकरी का ऑफर मिल सकता है। लंबी यात्रा के कारण आपको थोड़ी थकान महसूस हो सकती है

सिंह-:बेचैनी आपकी मानसिक शांति भंग कर सकती है. अपने अतिरिक्त धन को सुरक्षित स्थान पर रखें, जो आपको भविष्य में वापस मिल सके। पारिवारिक समस्याओं को प्राथमिकता दें।

कन्या-:आज आप सभी परेशानियों और चिंताओं को पीछे छोड़कर अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताना चाहेंगे. आज आपका जाता हुआ दिखाई देगा जिसके बारे में आपने सोचा भी नहीं होगा।

तुला-:आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा. आज आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। बड़ों का प्यार और आशीर्वाद मिलेगा। आज बाहरी यात्राओं का दौर रहेगा और यह यात्रा सुखद भी रहेगी।

वृश्चिक-:आपको मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। हार न मानें और मनचाहा परिणाम पाने के लिए कड़ी मेहनत करें। इन असफलताओं को प्रगति का आधार बनाएं। मुश्किल समय में रिश्तेदार भी काम आएंगे।

धनु-:इससे पहले कि नकारात्मक विचार मानसिक बीमारी का रूप ले लें, आपको उन्हें खत्म कर देना चाहिए. आप किसी धर्मार्थ कार्य में भाग लेकर ऐसा कर सकते हैं, जिससे आपको मानसिक संतुष्टि मिलेगी।

मकर-:आज ऑफिस में लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है. इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपको अपने लवमेट के साथ समय बिताने की जरूरत है।

कुंभ-:आज आपको थकान महसूस होगी और छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आ सकता है. आज आपको जमीन, जमीन जायदाद या सांस्कृतिक परियोजनाओं पर ध्यान देने की जरूरत है।

मीन-:आज आपका ध्यान रचनात्मक कार्यों में रहेगा. आज आप कोई नई रचना भी शुरू कर सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आप किसी सामाजिक संगठन से जुड़ने का मन बना सकते हैं।

सम्पादकीय

सावधान रहें आंदोलनजीवियों से, केवल विरोध के लिए विरोध करने वालों का देशहित से कोई लेना-देना नहीं

आज से कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' शुरू हो रही है। यह यात्रा कांग्रेस का जनाधार बढ़ाने में कितनी सहायक होगी, यह भविष्य ही बताएगा। इस यात्रा में कांग्रेस के साथ दो सौ से अधिक ऐसे लोग भी जुड़ रहे हैं, जो मूलतः कांग्रेसी नहीं हैं। इनमें से कुछ के पास राजनीतिक किस्म के अपने संगठन भी हैं, जैसे कि योगेंद्र यादव का स्वराज इंडिया। चंद दिनों पहले उन्होंने संयुक्त किसान मोर्चे की समन्वय समिति से त्यागपत्र दे दिया था। माना जाता है कि इसका कारण कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होना है। योगेंद्र यादव के साथ प्रशांत भूषण और प्रो. आनंद कुमार भी भारत यात्रा से जुड़ रहे हैं। ये वही लोग हैं, जिन्होंने एक समय अरविंद केजरीवाल के साथ मिलकर मनमोहन सिंह सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम छेड़ी थी। अब वे मोदी सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों से लड़ने के लिए कांग्रेस का साथ देना आवश्यक समझ रहे हैं। इसमें हर्ज नहीं, लेकिन कांग्रेस आंदोलनजीवियों से सतर्क रहे तो बेहतर। इसलिए और भी, क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद योगेंद्र यादव ने कहा था-कांग्रेस मस्ट डाई। योगेंद्र यादव ने कांग्रेस के खत्म हो जाने की जरूरत पर इसलिए बल दिया था, क्योंकि उनकी समझ से वह विकल्प तैयार करने में सबसे बड़ा रोड़ा है। लगता है अब कांग्रेस के बारे में उनके विचार बदल गए हैं। यह भी कोई नई-अनोखी बात नहीं। समय के साथ व्यक्ति के विचार बदलते हैं। योगेंद्र यादव भले ही किसान नेता, राजनीतिक विश्लेषक, चुनावी विशेषज्ञ आदि के रूप में जाने जाते हों, लेकिन पिछले कुछ समय में उनकी छवि आंदोलनजीवी की बनी है। यह इस कारण बनी है कि पहले वह इंडिया अगेंस्ट करप्शन आंदोलन से जुड़े, फिर नागरिकता संशोधन कानून विरोधी आंदोलन से और इसके बाद कृषि कानून विरोधी आंदोलन से। फिलहाल इसका आकलन करना कठिन है कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा से योगेंद्र यादव सरीखे कितने और आंदोलनजीवी जुड़ रहे हैं, लेकिन इससे इन्कार नहीं कि अपने देश में आंदोलनजीवियों की कमी नहीं। योगेंद्र यादव सरीखी एक और आंदोलनजीवी मेधा पाटकर भी इन दिनों चर्चा में हैं। इसका कारण बीते रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से गुजरात में दिया गया यह बयान है कि उन्हें पिछले दरवाजे से राज्य की राजनीति में लाने की कोशिश की जा रही है। उनका संकेत आम आदमी पार्टी की ओर था। संयोग (मेधा पाटकर के लिए दुर्योग) से इसी दिन अर्थशास्त्री स्वामीनाथन अय्यर ने अपने एक लेख के जरिये इस पर अफसोस जताया कि किस तरह एक समय वह मेधा के झांसे में आ गए थे और उनकी बातों से प्रेरित होकर उन्होंने नर्मदा परियोजना के विरोध में लिखा था। अपने ताजा लेख में उन्होंने यह भी लिखा, 'यह साफ है कि मैं गलत था। मेधा ने न केवल मुझे, बल्कि हजारों मानवतावादियों को मूर्ख बनाया।' पता नहीं ये हजारों लोग कौन थे, लेकिन यह सबको पता है कि कथित किसान आंदोलन के दौरान किस तरह हजारों किसानों को झूठ का सहारा लेकर मूर्ख बनाया गया। इससे भी कोई अनभिज्ञ नहीं कि नागरिकता संशोधन कानून को लेकर किस तरह हजारों लोगों और विशेष रूप से मुसलमानों को मूर्ख बनाया गया। जिस कानून का किसी भारतीय नागरिक से कोई लेना-देना नहीं था, उसके बारे में यह झूठ फैलाया गया कि उसके जरिये भारत के मुसलमानों की नागरिकता छीन ली जाएगी। कृषि कानून विरोधी आंदोलन के दौरान भी यह झूठ बार-बार दोहराया गया कि इन कानूनों के जरिये किसानों की जमीन छीन ली जाएगी। इन दोनों आंदोलनों में योगेंद्र यादव की सक्रियता किसी से छिपी नहीं। बात हो रही थी मेधा पाटकर की, तो उन्होंने इसका खंडन किया है कि वह गुजरात में आम आदमी पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री पद की दावेदार हो सकती हैं, लेकिन यह किसी से छिपा नहीं कि उन्होंने 2014 में इसी पार्टी की प्रत्याशी के रूप में मुंबई से चुनाव लड़ा था। मेधा पाटकर नर्मदा बचाओ आंदोलन के लिए जानी जाती हैं। वह इसी नाम से बनाए गए संगठन की संस्थापक सदस्य हैं। उन्होंने दशकों तक इस परियोजना का विरोध किया। धीरे-धीरे उनके इस आंदोलन में कथित पर्यावरणविद, मानवाधिकारवादी आदि शामिल हो गए। इस परियोजना का विरोध इतना अधिक बढ़ा कि विश्व बैंक आर्थिक सहयोग देने के अपने वादे से पीछे हट गया।

पाकिस्तान में अनहोनी के आसार

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी यानी पीटीआइ के मुखिया इमरान खान ने आखिरकार वह हद पार कर दी, जिसके बारे में पाकिस्तान में सोचा तक नहीं जाता। उन्होंने फैसलाबाद की एक रैली में पाकिस्तान के अगले सेना प्रमुख की नियुक्ति को लेकर जो कुछ कहा, उसकी गुंजाइश पाकिस्तान की ताकतवर सेना कभी नहीं देगी कि

राजनीतिक बिरादरी का कोई व्यक्ति उसके विषय में ऐसी टीका-टिप्पणी करे। इमरान ने भ्रष्टाचार को लेकर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ ही पूरे शरीफ खानदान के अलावा आसिफ अली जरदारी को भी निशाने पर लिया, जिनके बेटे मौजूदा सरकार में विदेश मंत्री हैं। उन्होंने अपने सियासी तख्तापलट के बाद बनी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उसके शासन में लोगों की दुश्वारियां बढ़ी हैं। ये बातें उनके समर्थकों को रास आ रही थीं। उनका जनाधार बना हुआ था। ऐसी राजनीतिक टिप्पणियों के बारे में कुछ भी अजीब नहीं था, लेकिन फैसलाबाद में इमरान कुछ ज्यादा आगे ही बढ़ गए। उन्होंने कहा कि नए चुनाव कराने की उनकी मांग इसीलिए खारिज कर दी गई, क्योंकि शरीफ परिवार और जरदारी एक दब्बू सेना प्रमुख की नियुक्ति करना चाहते हैं। ज्ञात हो कि सेना प्रमुख जनरल कमर बाजवा का कार्यकाल नवंबर में समाप्त हो रहा है। इमरान ने कहा कि ये भ्रष्ट नेता किसी मजबूत और देशभक्त सेना प्रमुख को नहीं चाहते, जो उनकी संपत्ति के स्रोत के बारे में उनसे सवाल कर सकें। उन्होंने कहा कि अगले सेना प्रमुख की नियुक्ति पूरी तरह योग्यता के आधार पर होनी चाहिए। उनकी ऐसी टिप्पणियां किसी राजनीतिक बम की तरह थीं, जिन्हें मौजूदा सैन्य नेतृत्व के साथ ही वर्तमान सरकार को निशाना बनाकर फेंका गया।

मैत्री की नई इबारत रू बांग्लादेश के साथ बनते करीबी रिश्ते हमें चीन के मामले में सतर्कता फिर भी बरतनी होगी

शेख हसीना की इस यात्रा का एक आयाम रोहिंग्या मुसलमानों से भी जुड़ा हैए जो जटिल समस्या है। रोहिंग्या समस्या मूलतः बांग्लादेश की हैए क्योंकि रोहिंग्या सबसे पहले बांग्लादेश का रुख करते हैंए फिर भारत की तरफ आते हैं। वे उसी इलाके से म्यांमार गए थेए जो आज का बांग्लादेश है।बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की चार दिवसीय यात्रा दोनों देशों के हितों के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण हैए क्योंकि उन्होंने कहा कि हमारा सबसे बड़ा मकसद अर्थव्यवस्था को विकसित करना और अपने लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना है। वर्ष 1971 के मुक्ति युद्ध को याद करते हुए उन्होंने न केवल भारत के योगदान को स्वीकार कियाए बल्कि उसके लिए भारत का शुक्रिया भी किया। उन्होंने कहा कि श्मैत्री से आप कोई भी समस्या हल कर सकते हैं। और भारत हमेशा से हमारा एक अच्छा दोस्त रहा है।अगर दक्षिण एशिया के परिप्रेक्ष्य में हम देखेंए तो बांग्लादेश के साथ हमारे रिश्ते बहुत करीबी हैं। इस समय यूक्रेन युद्धए कोविड महामारीए कई देशों में मंदी और चीन की कर्ज कूटनीति की वजह से दक्षिण एशिया के देशों में खुद को बचाने की नीति चल रही है। एक समय जिस तरह ट्रंप ने ष्अमेरिका पहलेष् की नीति अपनाई थीए उसी तरह सभी देश अपने हित को पहले देख रहे हैं। भारत और बांग्लादेश भी उससे अछूता नहीं है। इसी पृष्ठभूमि दोनों प्रधानमंत्रियों की द्विपक्षीयए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बातचीत हुई। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत का अब सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है और द्विपक्षीय व्यापार 18 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। यही नहींए बांग्लादेश भारत का चौथा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य भी बन गया है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश को सबसे बड़ा विकास साझेदार बताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार बहुत तेजी से बढ़ा है। दोनों देशों ने सूचना प्रौद्योगिकीए अंतरिक्ष एवं परमाणु क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का फैसला किया है और पावर ट्रांसमिशन लाइन पर दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही है। दोनों देशों के बीच सात समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। भारत.बांग्लादेश के बीच कुशियारा

नदी के जल बंटवारे पर समझौता होना दोनों देशों के लिए सुखद है। इससे भारत में दक्षिणी असम और बांग्लादेश में सिलहट क्षेत्र को लाभ होगा। इसके अलावा दोनों देशों के बीच आतंकवाद और कट्टरवाद के खिलाफ सहयोग पर भी चर्चा हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों को मिलकर उन आतंकी और चरमपंथी ताकतों का सामना करना चाहिएए जो दोनों देशों के परस्पर विश्वास पर हमले की धमकी देते हैं। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अमृत काल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ हुई सार्थक चर्चा का दोनों देशों के लोगों को लाभ होगा और हमने सभी बकाया मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया है। हम तीस्ता मुद्दे के भी सर्वसम्मत हल की उम्मीद करते हैं। इतने मधुर और मजबूत रिश्ते होने के बावजूद हमें यह ध्यान में रखने की जरूरत है कि बांग्लादेश के रिश्ते चीन के साथ भी हैं और चीन से उसने काफी कर्ज ले रखा है। चीन बांग्लादेश में भी काफी निवेश करने में लगा हुआ हैए जो भारत के हितों में नहीं है। हमें बांग्लादेश की मदद करने के साथ ही इस पर भी ध्यान देने की जरूरत हैए ताकि भविष्य में सुरक्षा संबंधी कोई परेशानी न हो। जहां तक आर्थिक मुद्दों की बात हैए हमारे यहां से कॉटन बांग्लादेश जाता है और वहां उसे प्रसंस्कृत करके बांग्लादेश दुनिया भर में निर्यात करता है। कॉटन निर्यात में बांग्लादेश विश्व का दूसरे नंबर का देश है। इससे निश्चित रूप से भारत को नुकसान हुआ है। अब तक बांग्लादेश को भारतीय बाजार में जितनी पहुंच मिली हुई हैए उसे आगे बढ़ाना भारत के हित में नहीं होगा। इस समय दोनों देशों के बीच सबसे ज्यादा संभावना भारत की मुख्यभूमि और पूर्वोत्तर भारत के इलाकों के बीच बांग्लादेश से होकर कनेक्टिविटी ;संपर्क मार्गद्ध के क्षेत्र में है। चाहे मल्टीमॉडल होए चाहे जलमार्ग होए चाहे सड़क संपर्क होए चाहे रेल संपर्क होए इन सबमें बांग्लादेश हमारी मदद कर सकता है और भारत की दिलचस्पी इसी में होनी चाहिए। घरेलू स्तर पर राजनीतिक विरोध के कारण बांग्लादेश अभी तक इस मामले में हमारी ज्यादा मदद नहीं कर पा रहा थाए लेकिन यदि इस क्षेत्र में वह सहयोग बढ़ता हैए तो यह दोनों देशों के हित में होगा। इसके अलावा बांग्लादेश के पास जो गैस की उपलब्धता है या वहां जो ऊर्जा उत्पादन की क्षमता हैए उसे गैस पाइपलाइन के जरिये भारत से साझा किया जा सकता है। साथ ही पूर्वोत्तर भारत में जो गैस उपलब्धता हैए उसे भी उस गैस पाइपलाइन के जरिये ट्रांसमिट किया जा सकता है। इसी तरह से यदि म्यांमार से गैस पर सहमति बनती हैए तो बांग्लादेश के रास्ते गैस पाइपलाइन के जरिये उसे भारत लाया जा सकता है। शेख हसीना की इस यात्रा का एक आयाम रोहिंग्या मुसलमानों से भी जुड़ा हैए जो जटिल समस्या है। रोहिंग्या समस्या मूलतः बांग्लादेश की हैए क्योंकि रोहिंग्या सबसे पहले बांग्लादेश का रुख करते हैंए फिर भारत की तरफ आते हैं। वे उसी इलाके से म्यांमार गए थेए जो आज का बांग्लादेश है। हालांकि म्यांमार के पास और भी मुस्लिम देश हैंए जैसे मलयेशियाए इंडोनेशियाए ब्रूनईए लेकिन वे बांग्लादेश या भारत ही आना चाहते हैं। इसलिए जरूरी है कि इस मुद्दे पर चर्चा के लिए हम म्यांमार को भी साथ लें और इस समस्या का हल तलाशें। वैसे इस मुद्दे से द्विपक्षीय रिश्तों पर बहुत असर नहीं पड़ने वाला है। बांग्लादेश से हमारे यहां बहुत से घुसपैठिए आते हैंए खासकर मतदान के समयए मदरसा शिक्षा और मस्जिदें बनाने के लिए। और वे उन मदरसों में लोगों को आतंकी प्रशिक्षण देने की कोशिश करते हैं। बांग्लादेशियों को भारत में अवैध तरीके से घुसाने और भारत से पशुओं की तस्करी कर बांग्लादेश भेजने में बहुत से लोग संलिप्त हैंए जो कई बार पकड़े भी जाते हैं। यह कई हजार करोड़ रुपये का कारोबार हैए जिससे सुरक्षा की समस्या भी पैदा होती है। मौजूदा वैश्विक संकटोंए चीन की आक्रामकता और कोविड महामारी के आर्थिक प्रभावों से उबरने के मौजूदा दौर में इन सब विषयों पर दक्षिण एशिया के देशों को आपसी सहयोग बढ़ाना चाहिएए ताकि हम अपने लोगों के हितों की रक्षा कर सकें। हमें बांग्लादेश की मदद जरूर करनी चाहिएए पर अपने हित का भी ख्याल रखना चाहिएए क्योंकि भारत अगर उसे आर्थिक मदद करेगा भीए तो वह पैसा चीन का कर्ज चुकाने में खर्च हो जाएगाए जो हमारे हित में नहीं है। इस परिप्रेक्ष्य में अंतरराष्ट्रीय संस्थानों और अन्य देशों से बांग्लादेश को आर्थिक सहायता दिलाने में समर्थन करना एक अच्छा विकल्प रहेगा।

शैक्षिक क्रांतिः शिक्षा के क्षेत्र में सपने जगाने का वक्त, पर चुनौतियां अब भी बड़ी हैं

महामारी से उबर कर जब पढ़ाई-लिखाई धीरे-धीरे पटरी पर लौट रही है, तो ऐसे में इस पर सियासी संकट चिंताजनक है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया न्यूयार्क टाइम्स का हवाला देकर शैक्षिक क्रांति का राग अलाप रहे हैं, तो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने ताजा गुजरात दौरे में गुजरात मॉडल की शिक्षा के सपने जगा रहे हैं। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष का शिक्षक दिवस, शिक्षा के क्षेत्र में सपने जगा गया। यह महज संयोग है कि इस साल झारखंड की बेटी और खुद शिक्षिका का

सफर तय कर महामहिम की कुर्सी तक पहुंचीं द्रौपदी मुर्मू ने देश के चुनिंदा 46 शिक्षकों को सम्मानित किया। इन सम्मानित शिक्षकों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंत्र था- विद्याथिर्यों में सपने जगाएं, उन्हें सिद्धि तक पहुंचाएं। शिक्षक का विद्याथिर्यों से नाता सिर्फ क्लास रूम तक सिमट कर न रह जाए, बल्कि उनके जीवन को रोशन करे।महामहिम और प्रधानमंत्री मोदी खुद आजाद भारत में जन्मे हैं और आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 तक शिक्षा के क्षेत्र के लिए अलख जगा रहे हैं। यह इसलिए अहम है क्योंकि अभी नई शिक्षा नीति की बुनियाद पड़ी है, वहीं दूसरी तरफ पिछले दो वर्षों से सदी की सबसे बड़ी महामारी ने पूरी शिक्षा व्यवस्था को खोखला कर रखा है। प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक चरमरा चुकी है। समूची शिक्षा व्यवस्था संक्रमित है। शिक्षा बोर्डों से संस्थानों तक के नतीजे जैसे-तैसे घोषित हो पाए। सीयूईटी की परीक्षाओं पर बार-बार संकट के बादल मंडरा रहे हैं। ऐसे में सियासी संकट से उपजा संक्रमण, चिंता की बड़ी वजह है। सियासी संकट चिंताजनक महामारी से उबर कर जब पढ़ाई-लिखाई धीरे-धीरे पटरी पर लौट रही है, तो ऐसे में इस पर सियासी संकट चिंताजनक है। यह संकट कहीं दूर नहीं बल्कि दिल्ली से ही शुरू हुई है। दिल्ली में मधुशाला बनाम पाठशाला की सियासी जंग छिड़ी है। यह सियासी संकट तब गहराया है, जब शिक्षा के क्षेत्र में मशाल और मिसाल की उम्मीद की जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि सरकारी स्कूलों के नतीजे धीरे-धीरे सुधरे हैं लेकिन महामारी की घड़ी के 'एजुकेशन फ्रॉम होम' से उबरे ज्यादातर स्कूल अब भी संसाधनों के मामले में पिछड़े हैं। दिल्ली में आबकारी घोटाले को शिक्षा से जोड़ा जाना गलत है, चाहे वह सत्ता पक्ष की कोशिश हो या विपक्ष की। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया न्यूयार्क टाइम्स का हवाला देकर शैक्षिक क्रांति का राग अलाप रहे हैं, तो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने ताजा गुजरात दौरे में गुजरात मॉडल की शिक्षा के सपने जगा रहे हैं। शिक्षा पर ऐसी ओछी सियासत के बजाए होना तो यह चाहिए था कि केंद्र और राज्य दोनों मिलकर बेहतर भविष्य बुनते।शैक्षिक चुनौतियों का संकट कोरोना के दौरान शिक्षण संस्थान बंद रहे। अब जब शिक्षण संस्थान खुले हैं तो कई स्कूल जुआघर में तब्दील नजर आए। विद्याथिर्यों में करियर को लेकर कुंठा बढ़ी है। मिड डे मील की व्यवस्था में खामियां मिलीं। विद्याथिर्यों के सपने तार-तार हुए। आर्थिक व व्यक्तिगत संकट के चलते कई विद्याथिर्यों ने बीच में पढ़ाई छोड़ दी तो कई ने दूसरी राह पकड़ ली। कौशल (स्किल्ड) और संपन्न विद्यार्थी ही दौड़ में टिक पाए। विद्याथिर्यों में सवाल पूछने की ललक कम पड़ गई। कॉपी घर रह गई जैसे बहाने बढ़ गए हैं। सपने के दबाव में चेहरे की रंगत उड़ गई, मुस्कान फीकी पड़ गई। सामूहिक जवाबदेही से सपने साकार हों ऐसे में अमृत महोत्सव वर्ष के शिक्षक दिवस पर मोदी ने पीएम श्री के तहत 14,500 स्कूलों को मॉडल बनाने का जो बीड़ा उठाया है, वह निश्चित तौर पर सराहनीय है। 2014 के केंद्रीय बजट में शिक्षा के क्षेत्र में 38,600 करोड़ का प्रावधान था जो इस साल बढ़कर 1 लाख 4 हजार 277 करोड़ तक पहुंच चुका है। हालांकि, संसाधन से लेकर संकल्प तक शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर वृद्धि के बावजूद अभी भी यह बजट नाकाफी है। नई शिक्षा नीति की बुनियाद पड़ चुकी है और खेल-खेल में, खिलौने के माध्यम से विद्याथिर्यों को खिलने का अवसर प्रदान करने की बात चल रही है। नई शिक्षा नीति के लिहाज से स्कूल अब भी संसाधनों से लैस नहीं हैं। केंद्र सरकार का पीएम श्री योजना के तहत 14,500 स्कूलों को विकसित करआसपास के शैक्षिक माहौल को सुधारने का संकल्प है। सरकारी स्कूलों के नतीजे भले सुधरे हैं लेकिन निजी बनाम सरकारी स्कूलों की गलाकाट प्रतिस्पर्धा में प्रतिभाएं अब भी कुंठित हैं। महंगाई की मार पढ़ाई पर भी पड़ी है। संस्थानों के फीस की भरपाई करने में बच्चे और अभिभावक परेशान हैं। ऐसे में आजादी के शताब्दी वर्ष (2047) तक शैक्षिक क्रांति के सपने साकार करने के लिए शिक्षकों, विद्याथिर्यों, अभिभावकों के साथ-साथ केंद्र व राज्य सरकारों को भी सपने जगाने होंगे। हर हाल में शिक्षा पर सियासत का दौर खत्म करना होगा और मिलकर सपने साकार करने होंगे, तभी आजादी के शताब्दी वर्ष (2047) तक शैक्षिक क्रांति के भविष्य बुन पाएंगे। मिलकर उम्मीद करें, सपने साकार हों, विजयी भवः का मंत्र गुंजायमान हो।

भारत के सर्वश्रेष्ठ निजी विश्वविद्यालयों में अपनी विशिष्ट छाप बनाने की दिशा में अग्रसर है यूनाइटेड यूनिवर्सिटी

तीन दशकों से इंजीनियरिंग, प्रबंधन और फार्मेसी पाठ्यक्रम के शिक्षा में उच्च गुणवत्ता पूर्ण मानक स्थापित करते हुए यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने शिक्षा के एक नए युग की स्थापना के लिए वर्ष 2021 में यूनाइटेड यूनिवर्सिटी की स्थापना की। तीन दशकों से इंजीनियरिंग, प्रबंधन और फार्मेसी पाठ्यक्रम के शिक्षा में उच्च गुणवत्ता पूर्ण मानक स्थापित करते हुए यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने शिक्षा के एक नए युग की स्थापना के लिए वर्ष 2021 में यूनाइटेड यूनिवर्सिटी की स्थापना की। यूनाइटेड विश्वविद्यालय को निजी विश्वविद्यालय अधिनियम

के तहत राज्य सरकार द्वारा अनुमोदन प्राप्त है, और विश्वविद्यालय को यूजीसी, बार काउंसिल ऑफ इंडिया, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग और भारतीय नर्सिंग परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त है विश्वविद्यालय का ध्येय शिक्षाथिर्यों को उच्च गुणवत्ता और समकालीन शिक्षा प्रदान करके उनका समग्र विकास करना है। इसे सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय योग, ध्यान, नैतिक शिक्षा और सामाजिक भागीदारी जैसे जीवन परक मूल्यों की शिक्षा प्रदान करता है, जिससे उन्हें शिक्षित होने के साथ साथ समाज में उच्च सामाजिक मूल्यों के आदर्श को स्थापित करने में सहायता प्राप्त होती है। यूनाइटेड यूनिवर्सिटी मेडिकल, नर्सिंग, इंजीनियरिंग मैनेजमेंट एग्रीकल्चर, लॉ, मास कम्युनिकेशन, जर्नलिज्म और एप्लाइड साइंसेज जैसे विभिनन विषयों में विभिनन पाठ्यक्रम प्रदान करता है। इसके अलावा, विश्वस्तरीय रोजगारपरक संघटकों में छात्रों द्वारा स्थान सुनिश्चित के लिए विश्वविद्यालय ने अपने व्यावसायिक कार्यक्रमों को औद्योगिक उन्मुखीकरण के साथ जोड़ा है। इस क्रम में ईं- छ्श्ँ, .ऊाम्प् - छ्ँश् उदाहरण हैं। यूनाइटेड इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, यूनाइटेड यूनिवर्सिटी का एक महत्वपूर्ण घटक है जिसमे अध्यनरत मेडिकल के छात्रों को योग्य चिकित्स्कों के कुशल दिशा निर्देशन और अभ्यास के माध्यम से शिक्षित एवं प्रशिक्षित कर रहा है जिससे अध्यनरत छात्र शीर्ष स्तरीय चिकित्सकों के रूप में विकसित होकर समाज में अपना उत्कृष्ट योगदान प्रस्तुत कर सकेंगे। यूनाइटेड इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में यूनाइटेड मेडिसिटी नाम का 1000 बेड का अस्पताल भी है।यूनाइटेड यूनिवर्सिटी (ळळ) के प्रत्येक संकाय की बौद्धिक पूंजी संकाय में कार्यरत संकाय सदस्य है, जिनमें से प्रत्येक के पास अनुभव और विषय-वस्तु की क्षमता संस्था की विशेषता है। सनतकों को उच्च स्तर की क्षमता से परिपूर्ण करने और और समयानुसार विविध समकालीन वातावरण में उनके तकनीकी और पेशेवर स्वभाव को बढ़ावा देने के लिए, प्रासंगिक और सफल शिक्षण और सीखने के तरीकों की पहचान करने के लिए अनुसंधान और अध्ययन पर विशेष बल दिया जाता है। वैश्विक स्तर पर कला और संस्कृति के प्रसार हेतु विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सदैव प्रयतन्शील है। इस दिशा में संयुक्त प्रयास करते हुए यूनाइटेड यूनिवर्सिटी ने कई विदेशी विश्वविद्यालयों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ अकादमिक और औद्योगिक सम्बन्ध स्थापित किया है। इस पंक्ति में साथ शैक्षणिक गठजोड़ हैं। पाठ्यक्रमों को छात्रों हेतु समकालीन दृष्टि से उनन्त ऐच्छिक और संगोष्ठी व्याख्यान के साथ पेशेवर कौशल प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, भारत के सभी मुख्य प्रमाणन और मान्यता प्राप्त संगठनों द्वारा युनाइटेड यूनिवर्सिटी की संबद्धता के कारण इसके सभी पाठ्यक्रम अत्यंत विश्वसनीय और कैरियर केंद्रित हैं। घ्द्दिबे, ऊणए, ऊँ एाात, `ग्ज्दि और अन्य जैसी कंपनियों के साथ अपने वर्तमान जुड़ाव के साथ विश्वविद्यालय नए उद्योग के साथ मजबूत संबंध रखता है। हम, यूनाइटेड में ऐसे प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो न केवल सक्षम पेशेवर हों अपितु नैतिकता और संस्कार और मानवीय मूल्यों को वहन करने वाले संवेदनशील हो। यूजीसी अनुमोदित विश्वविद्यालय, यूनाइटेड यूनिवर्सिटी अपने सभी छात्रों के साथ समान व्यवहार करता है और उन्हें अपने भविष्य के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए तैयार करते हुए अनुभवी शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है। विश्वविद्यालय एक पेशेवर और स्वागत योग्य परिसर का वातावरण और संस्कृति भी प्रदान करता है जहाँ मनोरंजन करते हुए अपनी शिक्षा को आगे बढ़ा सकते हैं और अपने सपनों के कैरियर को आकार दे सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

नारी प्रगति सोशल फ़ाउन्डेशन ने नयी डगर नया सफर के अन्तर्गत महिलाओं का बैंक खाता खुलवाया

(आधुनिक मसाचार सेवा)
नोएडा। नारी प्रगति सोशल फाउंडेशन ने नई डगर नया सफर परियोजना के अंतर्गत महिलाओं एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप श्रीवास्तव, चीफ मैनेजर शिशिर कुमार , मार्केटिंग हेड अमरनाथ प्रसाद , एवं स्टारफिन के डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर रवि शंकर पांडे एवं अवदेश यादव के अथक सहयोग से महिलाओं एवं बच्चों के लगभग 45 निःशुल्क खाते

खोले गए। संस्था की मिडिया प्रभारी अलका वर्मा ने बताया कि स्टेट बैंक आफ इंडिया दिल्ली के लोकल हेड ऑफिसर संजय सिंह ,राजेश कुमार एवं बी पी सिंह एवं नारी प्रगति सोशल फाउंडेशन की निदेशक वनीता भट्ट सोपोरी ने महिलाओं को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,अटल पेंशन योजना ,प्रधानमंत्री सुरक्षा योजनासे भी अवगत कराया और कार्यक्रम को सफल बनाने में जाकिर हुसैन और परवेज का विशेष योगदान रहा। नारी प्रगति सोशल फाउंडेशन की संस्थापक मीनाक्षी त्यागी ने बताया कि अधिकांश महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी नहीं है जिसके लिए संस्था इन महिलाओं को महिला कल्याण विभाग के सहयोग से अपनी परियोजना मायका के तहत सरकारी योजनाओ से भी अवगत करायेगी!

थाना बदेरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता

कुल 30 किलोग्राम गांजा एवं टाटा टिआगो कार कुल कीमती मसरुका 10 लाख रूपये के साथ अंतर्राज्यीय गिरोह को पकड़ कर का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया

(आधुनिक मसाचार सेवा)
नई दिल्ली। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय सतना श्री आशुतोष गुप्ता , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सतना श्री सुरेन्द्र जैन , श्रीमान लोकेश डाबर एसडीओपी महोदय मैहर सतना के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बदेरा की गई कार्यवाही । **घटना विवरणः-**

दिनांक 05/09/22 को थाना बदेरा पुलिस एक सफेद रंग की कार मे अवैध मादक पदार्थ गांजा रखे होने की सूचना मुखबिर द्वारा प्राप्त होने पर हालात से वरिष्ठ अधिकारियो को जरिये मोबाइल फोन अवगत कराया गया व कार्यवाही हेतु मौके पर उपस्थित होने वावत् श्रीमान एसडीओपी महोदय मैहर को पत्र तैयार कर मय पंचनामा के जरिये आर. को मैहर एसडीओपी कार्यालय रवाना किया गया एवं जरिये थाना स्टाफ द्वारा दो स्वतंत्र साक्षी व तौलकर्ता को तलव किया गया संदेही व्यक्तियो द्वारा कार मे रखे अवैध मादक पदार्थ गांजा को खुर्द बुर्द करने की सूचना प्राप्त होने पर श्रीमान एसडीओपी महोदय को जरिये मोबाइल अवगत कराया जो श्रीमान के द्वारा मुख्यालय से बाहर होना बताये व मौके पर जाकर अविलम्ब कार्यवाही करने का निर्देश दिये जो कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त होने पर मुताबिक निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों के हमराह स्टाफ व गवाहो के मौके पर पहुँच कर घेरावंदी कर व स्टापर लगाकर गवाहो के सामने रोका गया देखा तो उक्त कार मुखविर के बताये अनुसार थी जो सफेद रंग की टाटा टिआगो गाडी नम्बर 04,1013, जिसमे तीन व्यक्ति बैठे थे उक्त व्यक्तियो से उनका नाम पता पूछा गया। संदेहियो की जामा तलाशी ली गई हमराह स्टाप व स्वतंत्र साक्षियो व तौलकर्ता सभी की तलाशी दी जाकर गवाहानो के समक्ष संदेहियो व उक्त टाटा टिआगो कार की बारिकी से तलाशी ली गयी जो उक्त तीनो व्यक्तियो की उक्त सफेद रंग की टाटा टिआगो गाडी नम्बर ए304ए1013 कार के बोनट व टायर के आसपास छुपे तीस पैकिट काली पनने व क्रीम कलर के पनने (टेप) के पैकिट बरामद हुये , बरामद पैकिटो को खुलवाकर देखा तो उसमे मादक पदार्थ गांजा जैसा पाया गया जिसे देखकर ,रगडकर, जलाकर व सूंघकर देखा गया जो अवैध मादक पदार्थ गांजा होने की पुष्टि हुई । जिसे इलेक्ट्रोनिक तराजू से अवैध मादक पदार्थ गांजा को तौलवाया गया जो कुल 30 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया, उक्त अवैध मादक पदार्थ गांजा के बारे मे मेमोरेण्डम लेख किया गया जो ग्राम बसनहा छ.ग. से कपिल बलांगीर के द्वारा देना बताये। अवैध गांजा 30 किलो व टाटा टिआगो गाडी नम्बर 04,1013 जप्त कर आरोपीगणों को गिरफ्तार कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया । आरोपीगणों को पृथक से पेश न्यायालय सतना किया जाता है । **गिरप्तार आरोपीगण--** 01 . राजू सिंह पिता बद्रीसिंह राजपूत उम्र 30 साल नि.वैशाली नगर वार्ड क्र.11 गली न. 0 दशहरा मैदान थाना वैसालीनगर भिलाई जिला दुर्ग छ.ग.हाल हाउस नम्बर 105 अम्बेडकर नगर कोनका भिलाई, 02 . पुरोहित कुम्भार पिता नैतिक कुम्भार उम्र 32 साल नि.अंक्रिया पडर थाना बोइतला जिला बलंगगीर उडीसा 03. महेन्द्र सिंह पिता प्रताप सिंह उम्र 52 साल नि.सीतापुर वानतालाव जिला चित्रकूट थाना सीतापुर हाल- 1257 जामुल थाना रोड घासीदास नगर आई.ई.भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) **जप्त सामग्री** - 30 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा की. 3,00,000 रू. एवं टाटा टिआगो कार नम्बर ए304ए1013 की 7,00,000 रू. कुल कीमती 10,00,000 रूपये । **सराहनीय भूमिकाः** - उनि राजश्री रोहित थाना प्रभारी थाना बदेरा , उनि . अनिरूद्ध प्रसाद मिश्रा , प्रआर.737 रामसिहं ,प्र.आर. 386 अरविंद सिंह, आर.128 अनिल यादव, आर.34 राहुल मिश्रा, आर.167 प्रकाश कुशवाहा , आर. 245 देवल शुक्ला , आर. 287 शम्भू राय, म.आर. 1049 भारती सेन, 915 राजनंदनी यादव आर चालक 548 जितेन्द्र सिंह गुर्जर ।

छात्र-छात्राओं की सफलता में ही है शिक्षकों की सफलता

(आधुनिक मसाचार सेवा)
कर्नलगंज, गोण्डा। शिक्षा क्षेत्र हलधर मऊ अन्तर्गत मदरसा दर्सगाह इस्लामी स्कूल हलधरमऊ में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी शिक्षकों व शिक्षिकाओं ने अपने गुरुजनों का आदर करने का पाठ सिखाया। इसी क्रम में मोहसिन खान अध्यक्ष मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक संघ गोण्डा व संस्था दर्सगाह इस्लामी के प्रधानाध्यापक ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस धरती पर माता पिता के बाद हमारा शिक्षक ही ऐसा होता है जो छात्रों को खुद से आगे बढ़ाना चाहता है और छात्रों की सफलता में ही वो स्वयं को सफल समझता है। इसलिये शिक्षक का सम्मान हमें हर हाल में करना चाहिये। कार्यक्रम में छात्र व छात्राओं ने मनमोहक गीत प्रस्तुत किये। इस मौके पर मोहसिन खान ने विद्यालय के हाफिज समीउल्लाह, हाफिज अब्दुर्रशीद, मौलाना सकलैन, अजय सिंह, प्रवेश शुक्ला, अनुपम शुक्ला, फारूक अहमद, रुखसार अहमद, राकेश, अलीम, निदा, नूरी, अल्फिया, सादिया, सकीना, आदि शिक्षक व शिक्षिकाओं को मोमेंटो व उपहार देकर सम्मानित किया ।

ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में इलेक्ट्रिक व्हीकल एक्सपो का आगाज

(आधुनिक मसाचार सेवा)
नोएडा। ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में इलेक्ट्रिक व्हीकल एक्सपो का आज

केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने किया। इस मौके पर जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह मौजूद रहे। यह इलेक्ट्रिक व्हीकल एक्सपो आगामी 3 दिनों तक चलेगा। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने कहा कि आने वाला भविष्य किसका है इलेक्ट्रॉनिक इलेक्ट्रॉनिक वकील का है इस प्रदर्शनी का आयोजन इंडिया एग्जिबिशन सर्विसेज और ग्रीन सोसाइटी ऑफ इंडिया ने किया है। इस आयोजन में दुनिया भर के ढाई सौ से ज्यादा प्रदर्शक और प्रतिदिन 5000 से ज्यादा लोगों के आने की उम्मीद है दुनिया भर के मशहूर ब्रांड जैसे महिंद्रा पुणे से इलेक्ट्रो जॉय ई बाइक मैक्सिमम ई बाइक सिका इंडिया ग्रुप के माई वकील एयरपोर्ट एवीएस स्मार्ट एफिल चार्जिंग यूलर मोटर्स ओकाया बैटरी ट्रैक्टर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड और अनेक कई प्रदर्शनी में हिस्सा ले रहे हैं।

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का आगाज

(आधुनिक मसाचार सेवा)
नई दिल्ली। राहुल गांधी पहुंचे विवेकानंद मेमोरियलकांग्रेस कन्याकुमारी में एक मेगा रैली में अपनी 3,570 किलोमीटर लंबी 'भारत जोड़ो यात्रा' शुरू करेगी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी बुधवार को कन्याकुमारी से शुरू हो रही पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा (ï्रूं) से पहले ही चेनन्ई पहुंच गए। यहां उन्होंने सुबह पिता राजीव गांधी की समाधि पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस के प्रस्तावित 'भारत जोड़ो यात्रा' सात सितंबर को कन्याकुमारी से शुरु होकर 25 नवंबर को मालवा-निमाड़ इलाके से मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगी। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, यह यात्रा महाराष्ट्र की सीमा से लगे बुरहानपुर जिले से मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगी और खंडवा, खरगोन, इंदौर, उज्जैन और आगर-मालवा जिलों से होकर गुजरेगी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में यात्रा 16 दिनों में 382 किलोमीटर की दूरी तय करेगी।

सांसद के कड़े तेवर से सी एम ओ ने किया सी एच सी का निरीक्षण

(आधुनिक मसाचार सेवा)
मनकापुर,गोण्डा। गोण्डा भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिह उर्फ राजा भैय्या कड़ा रुख देख कर आनन-फानन में मुख्य चिकित्साधिकारी रश्मि वर्मा व एसीएमओ एपी सिंह,आदित्य वर्मा सीएचसी मनकापुर पहुंचे।बंद कमरे में एक घंटे सांसद प्रतिनिधि यूपी सिंह,अधीक्षक डीके भास्कर व अन्य संबंधित कर्मचारियों से तक वार्ता करने के बाद सीएचसी का निरीक्षण किया।जिसमें लाइट,साफ सफाई,शौचालय आदि का अबिलम्ब निस्तारण करने के लिए अधीक्षक को निर्देश दिया।इस दौरान सफाई कर्मी को फटकार भी लगाई।सीएमओ ने बताया कि कुछ कर्मियों का जगह परिवर्तन किया जाएगा।धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन में हस्ताक्षर करने वाले कर्मियों का वेतन रोका जाएगा।झगड़े के जड़ वाले दो लोगों को हटाया जाएगा।एक कर्मचारी का इंक्रीमेंट रोका जाएगा।इसके अलावा उन्होंने बताया कि तीन दिन बाद पुनः सीएचसी का निरीक्षण मेरे द्वारा किया जाएगा और व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त मिलनी चाहिए।

अभिकारी विभाग के सब इंस्पेक्टर विजय सिंह बघेल ने पकड़ी दारू और रु5000 लेकर छोड़ दी

(आधुनिक मसाचार सेवा)
मैहर। मैहर,यह सनसनीखेज मामला देर शाम 7 बजे इलाहाबाद बैंक सराय मोहल्ले मैहर का है, जहां पर एक अज्ञात व्यक्ति के यहां शराब बेचने की सूचना अभिकारी विभाग को मिली, साथ में मैहर दारू कंपनी के ठेकेदार भी थे घर में दबिश दी दारू पकड़ी लेकिन 5000 लेकर सब इंस्पेक्टर ने मामले को रफा-दफा कर दिया, सूत्र बताते हैं कि ऐसी ही मोटी कमाई के चलते विजय सिंह बघेल मैहर नहीं छोड़ रहे, अब देखना है प्रशासन क्या कार्रवाई करता है

डीएम ने किया बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

बाढ़ से प्रभावित लोगों को त्रिपाल के साथ अन्य सामग्री का भी किया वितरण

(आधुनिक मसाचार सेवा)
गोण्डा। जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने आज मंगलवार को तहसील तरबगंज के अंतर्गत ग्राम ऐलीपरसौली बाढ़ क्षेत्र का जिलाधिकारी तरबगंज को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बाढ़ से प्रभावित लोगों का सर्वे करवा कर नियमानुसार सभी को सारी सुविधाएं मुहैया कराना सुनिश्चित साथ अन्य सामग्री का वितरण किया तथा उनको यह भरोसा दिलाया कि प्रशासन आपके साथ है आप लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दिया

निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बाढ़ से प्रभावित एलीपरसौली के मजरा बाबूपुरवा में जाकर वहां के ग्रामीणों से मुलाकात की तथा बाढ़ से होने वाले समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही बाढ़ से प्रभावित लोगों को हर संभव पूरी मदद के लिए उप करें। इसके साथ ही सीएचसी अधीक्षक बेलसर को निर्देश दिए हैं कि टीम के साथ बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का बराबर निरीक्षण करते रहे ताकि बाढ़ से प्रभावित लोगों को कोई समस्या ना होने पाये। वहीं निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बाढ़ से प्रभावित ग्राम वासियों को त्रिपाल के साथ- जायेगा। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी तरबगंज शत्रोहन पाठक, पुलिस क्षेत्राधिकारी तरबगंज, एक्सईएन बाढ़ खण्ड, विश्वनाथ शुक्ला, तहसीलदार तरबगंज पुष्कर मिश्रा तथा संबंधित गांव के लेखपाल, राजस्व निरीक्षक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम बसेरिया में माँ ग्राम प्रधान और बेटा कोटे की दुकान का कर रहा संचालन

विभाग बेखबर, लीपापोती करने में जुटे जिम्मेदार

(आधुनिक मसाचार सेवा)
(कर्नलगंज) गोण्डा। स्थानीय तहसील कर्नलगंज क्षेत्र में अधिकारियों की उदासीनता के चलते पूर्ति विभाग का अजब गजब कारनामा काफी चर्चा में है। यहाँ के ग्राम पंचायत बसेरिया में मां ग्राम प्रधान व पुत्र कोटेदारी करके सरकार के नियमों को खुले आम ठेंगा दिखा रहे हैं। वहीं जिम्मेदार पूर्ति विभाग के अधिकारी मामले में लीपापोती करने में जुटे हैं। मामला तहसील व विकास खण्ड कर्नलगंज के अन्तर्गत ग्राम बसेरिया से जुड़ा है। यहां के ग्राम वासी व क्षेत्र पंचायत सदस्य रामबचन ने जिलाधिकारी को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से व पूर्ति विभाग के अधिकारियों को ऑनलाइन प्रार्थना पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है। जिसमे कहा गया है कि ग्राम पंचायत बसेरिया में मां ग्राम प्रधान के पद पर आसीन है, वहीं प्रधान के पुत्र नियम विरुद्ध तरीके से अपने नाम से उचित दर की सरकारी दुकान का संचालन कर रहे हैं। जबकि शासनादेश में निहित प्रावधानों के तहत दोनों पद एक परिवार में या सगे संबंधियों के पास नही रह सकता है। जिससे बीडीसी ने संपूर्ण प्रकरण को उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाते हुए प्रकरण की जांच कराकर नियम विरुद्ध संचालित हो रही कोटे की दुकान को निरस्त करते हुये उचित कार्यवाही किये जाने की मांग की है। इस संबंध में पूर्ति निरीक्षक बालेश्वरमणि त्रिपाठी ने बताया कि मामला संज्ञान में है। इससे पूर्व भी इसकी शिकायत हुई थी, जिसमे विकास खंड कार्यालय से प्राप्त रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों लोग अलग अलग रह रहे हैं, दोनो लोगों का परिवार रजिस्टर नकल भी जारी है। उन्होंने बताया कि फिर भी प्रकरण की जांच करके नियमानुसार उचित कार्यवाही की जायेगी। वहीं सूत्रों की मानें तो जिम्मेदार पूर्ति विभाग के अधिकारी मामले में लीपापोती करने में जुटे हैं ।

ग्राम गुरसड़ी में फर्जी भुगतान करने का लगा आरोप

(आधुनिक मसाचार सेवा)
कर्नलगंज/परसपुर गोण्डा। तहसील क्षेत्र कर्नलगंज के विकास खण्ड परसपुर अन्तर्गत ग्राम गुरसड़ी निवासी जितेंद्र कुमार ने जिलाधिकारी को ऑनलाइन प्रार्थना के घर के सामने पक्की रोड पर दो ट्राली राबिस व गोसांई पुरवा निवासी विश्राम के घर के सामने मात्र एक ट्राली राबिस डाली गई है। शेष सरकारी धनराशि का बंदरबांट कर लिया गया है। जितेंद्र कुमार ने

पत्र भेजा है। जिसमे कहा गया है कि ग्राम पंचायत गुरसड़ी में अद्धा ईंट व राबिश कार्य के लिये ग्राम पंचायत द्वारा मिश्रा ईंट उद्योग को 2,02,164 रुपये का भुगतान किया गया है। जबकि ग्राम पंचायत के दूबर वैश्य पुरवा में दूधनाथ सिंह प्रकरण की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने की मांग की है। इस संबंध में खण्ड विकास अधिकारी परसपुर ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में नही है, लेकिन यदि ऐसा है तो जांच कराकर उचित कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

सिद्धपीठ बाला जी धाम में बड़ा मंगल धूमधाम से मनाया गया

(आधुनिक मसाचार सेवा)
नोएडा। सेक्टर 135 स्थित

सिद्धपीठ बालाजी धाम में बड़ा मंगल धूम धाम से मनाया गया। महंत मुकेशानंद गिरी महाराज ने हनुमान जी का अभिषेक कर चोला चढ़ाया और श्रृंगार किया। हनुमान जी को प्रसाद चढ़ाया गया तदोपरांत आरती हुई। भक्तों ने हनुमान जी के दर्शन कर उनसे आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। राघवेंद्र दुबे ने बताया कि बड़ा मंगल को बुढ़वा मंगल के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन हनुमान जी की विशेष पूजा होती है। ऐसी मान्यता है कि हनुमान जी की भेंट पहली बार अपने आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम से हुई थी।बड़े मंगल को हनुमान जी की आराधना से जीवन के सभी संकट दूर हो जाते है और मंगल ही मंगल होता है । व्रत करने से धन धान्य की वृद्धि के साथ नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव समाप्त हो जाता है। इस अवसर पर महंत मुकेशानंद गिरी महाराज, भोला गिरी जी, सुजान दास, शिवप्रकाश गिरी, बबलू चौहान, बिजेंद्र चौहान सहित तमाम भक्तजन मौजूद रहे।

नॉर्थ-ईस्ट फैस्टिवल में नोएडावासियों को भा रहे पूर्वोत्तर राज्यों के उत्पाद

(आधुनिक मसाचार सेवा)
नोएडा। सेक्टर-33 ए स्थित नोएडा हाट में आयोजित नॉर्थ-ईस्ट फैस्टिवल में लोगों ने मंगलवार को भी जमकर खरीददारी की। इस अवसर पर लोगों ने फूड कोर्ट में भी विभिनन्न राज्यों के व्यंजनों का सेवन कर आनंद उठाया। ज्ञात हो कि 26 अगस्त से 11 सितंबर 2022 तक नोएडा सेक्टर 33 स्थित नोएडा हॉट में नार्थ ईस्ट के 8 प्रदेशों अरुणाचल प्रदेश, आसाम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नागालेंड, त्रिपुरा, और सिक्किम के हैंडिक्राफ्ट और वहां के अन्य सामान को प्रस्तुत करने के लिए नार्थ ईस्ट फैस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भारत सरकार के मंत्रालय मिनिस्ट्री ऑफ टैक्सटाइल के डेवलेपमेंट कमिशन्र हैंडिक्राफ्ट तथा नेशनल डिजाइन सेंटर एवं नार्थ ईस्ट स्टेट गार्वमेंट डिपार्टमेंट के पारटिसिपेशन सहयोग से किया जा रहा है। नार्थ ईस्ट के सभी 8 प्रदेशों के हैंडिक्राफ्ट कलाकार यहां अपनी क्राफ्ट, खानपान, संस्कृति, पर्यटन और अपनी परंपरा से रूबरू करा रहे हैं। इसी कड़ी में आयोजन के 12वें दिन मंगलवार को महिलाओं, युवतियों एवं युवाओं ने यहां मेले का लुत्फ उठाया। यहां त्रिपुरा के उत्पादों में बांस के बने सजावट के सामान, बारह सिंगा हिरन, थर्मस बोतल, कंघा, बैग, पर्स, पेपर फाइल, ज्वैलरी बॉक्स, पेंसिल बॉक्स, चटाई, गमले तथा गमले के स्टेंड आदि नोएडवासियों को खूब भा रहे हैं। पूवीत्तर राज्यों के हस्तनिर्मित उत्पाद यहां नोएडावासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। 11 सितंबर तक चलने वाले फैस्टिवल में लोग सुबह 11 बजे से रात 08 बजे तक खरीददारी कर सकेंगे।

अगले साल एक-दूजे संग केएल राहुल और अथिया शेट्टी लेंगे सात फेरे

(आधुनिक मसाचार सेवा)
नई दिल्ली। सुनील शेट्टी की लाडली अथिया शेट्टी और भारत के ओपनर बल्लेबाज केएल राहुल पिछले कई सालों से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। कुछ समय तक अपने रिश्ते को सीक्रेट रखने के बाद आखिरकार सोशल मीडिया पर भी एक-दूजे संग प्यार का इजहार कर दिया। एक-दूसरे पर खूब प्यार लुटाने वाले अथिया शेट्टी और केएल राहुल की शादी को लेकर कई बार खबरें आ चुकी हैं कि ये दोनों जल्द ही शादी के बंधन में बंध जाएंगे। हालांकि इन दोनों ने ही अपनी शादी की खबरों को नकारा है, लेकिन अब एक बार फिर से दोनों की शादी की चर्चा जोरों पर हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो आथिया शेट्टी अगले साल केएल राहुल संग शादी के बंधन में बंध जाएंगी। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट्स की मानें तो बीसीसीआई के सूत्र ने केएल राहुल और अथिया शेट्टी की शादी की जानकारी दी है। बीसीसीआई सूत्र ने कहा, 'केएल राहुल ने कुछ दिनों पहले ही मुझे इस बात की जानकारी दी थी कि वह अगले साल अथिया शेट्टी संग शादी करेंगे। उसके बाद लड़की के परिवार की तरफ से भी किसी करीब ने शादी की बात कही। टीम टी-20 दौरे के लिए न्यूजीलैंड जाएगी और वहां से आने के बाद दोनों महाराष्ट्र में ही धूमधाम से शादी करेंगे'। अभिनेत्री अथिया शेट्टी और केएल राहुल को कई बार एक-दूजे संग देखा जाता है। कुछ समय पहले जब केएल राहुल अपनी कमर की सर्जरी के लिए जर्मनी गए थे, तो उस दौरान अथिया शेट्टी भी उनके साथ मौजूद थीं। इसके अलावा केएल राहुल के मैच देखने के लिए भी अथिया शेट्टी स्टेडियम में अक्सर मौजूद रहती हैं। हाल ही में जब पाकिस्तान और इंडिया का मैच हुआ था तो ओपनर बल्लेबाज केएल राहुल 0 पर आउट हो गए थे, जिसके बाद अथिया शेट्टी को सोशल मीडिया पर बुरी तरह से ट्रोल किया गया था। आपको बता दें कि अथिया शेट्टी के पिता सुनील शेट्टी केएल राहुल और अथिया के रिश्ते से काफी खुश हैं और वह कई मौकों पर क्रिकेटर की तारीफ कर चुके हैं।



तारक मेहता' की सोनू ने मोनोकिनी में पोस्ट कर दी अपनी सबसे बोल्ड तस्वीर, कैमरे में कैद हुआ बॉडी पर बना ये सीक्रेट टैटू

(आधुनिक मसाचार सेवा)
नई दिल्ली। टीवी का फेमस कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एकमात्र ऐसा शो है, जिसे हर उम्र के लोग देखना पसंद करते हैं। इस शो को 14 साल पूरे हो गए हैं और अब ये शो 15वें साल में जा चुका है। इस शो की कहानी के साथ ही इसके कलाकार भी दर्शकों के बीच काफी चर्चित हैं। कई कलाकार ऐसे हैं, सालों से इस शो का हिस्सा बनें हैं। वहीं कई ऐसे हैं जो भले ही इस शो को छोड़कर चले गए हैं, लेकिन आज भी दर्शक उन्हें काफी पंसद करते हैं और उनके बारे में जानने के लिए उत्सुक रहते हैं। एक ऐसी ही कलाकार इस शो में रहीं थीं सोनू भिड़े। तारक मेहता में सोनू का किरदर एक्ट्रेस निधि भानुशाली ने निभाया था। निधि आज शो का हिस्सा नहीं है इसके बावजूद दर्शक उन्हें काफी प्यार देते हैं। निधि ने फिलहाल एक्टिंग से दूरी बना ली है। इस वक्त निधि पूरी दुनिया की सैर करने में लगी हैं और अपनी एडवेंचर ट्रिप की तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर फैंस के साथ जुड़ी रहतीं हैं। इसी बीच उनकी एक बेहद बोल्ड बिकिनी तस्वीर सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ वायरल हो रही है। यहां देखें तस्वीर सेनू भीड़े यानी निधि भानुशाली ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक लेटेस्ट बोल्ड तस्वीर पोस्ट की है। इस तस्वीर में निधि मोनोकिनी पहने दिख रही हैं। तस्वीर मं निधि का बैक दिखाई दे रहा हैं। वहीं वो समंदर किनारे रेत पर बैठी हुई नजर आ रही हैं। वहीं उनके सामने समंदर का गहरा नीला पानी बेहद ही शानदार नजर आ रहा है। इस तस्वीर में निधि के बैक पर बना टैटू भी कैमरे में कैद हो गया है। हमेशा की तरह ही निधि की ये तस्वीर भी इंटरनेट पर बवाल मचा रही हैं। इस पर लगातार फैंस कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। आपको बता दें हाल में निधि भानुशाली ने अपनी एक और बिकिनी फोटो शेयर की थी। इस तस्वीर में वो पिंक कलर की लाइनिंग वाली बिकिनी पहने नजर आईं थीं। बिकिनी के साथ ही उन्होंने एक बड़ा सा राउंड शेप हैट लगाया था। तस्वीर में उनके पीछे एक खूबसूरत सा झरना बहता दिख रहा था। जो इस पूरी फोटो को और भी खूबसूरत बना रहा है।



बेटे संग लालबाग के राजा के दर्शन करने पहुंचे अजय देवगन

(आधुनिक मसाचार सेवा)
नई दिल्ली। बॉलीवुड सितारों के बीच इन दिनों गणेश उत्सव की धूम देखने को मिल रही है। मुंबई में इस उत्सव को एक त्योहार की तरह मनाते हैं। इतना ही नहीं मुंबई शाहर के लालबाग का गणेश पंडाल सबसे ज्यादा मशहूर भी है। ऐसे में यहां पूरा बॉलीवुड बप्पा के दर्शन करने आता है। इसी बीच मंगलवार को एक्टर अजय देवगन बेटे युग के साथ बप्पा के दर्शन करने पहुंचे। यहां आते ही भीड़ ने अजय देवगन को चारों तरफ से घेर लिया। इस दौरान एक्टर ने भीड़ के बीच में ही बप्पा के दर्शन किए। इस दौरान अजय देवगन पैपराजी से भी रास्ता देने की रिक्वेस्ट करते दिखे। आपको बता दें कि लाल बाग के राजा की काफी मान्यता है इसलिए बॉलीवुड सेलेब्स का तांता यहां हर साल गणेश उत्सव पर लगता है। अजय देवगन से एक दिन पहले काजोल भी बप्पा के दर्शन करने पहुंची थी। इस मौके पर एक्ट्रेस पीले रंग की

इस मौके की कई तस्वीर और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। सेलेब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने भी अजय देवगन का युग के साथ वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है जिसमें आप दोनों बाप-बेटे को एक साथ दर्शन के लिए जाते देख सकते हैं। इस दौरान एक्टर ब्लू कुर्ता और व्हाइट पजामे में नजर आए तो वहीं युग भी पापा की तरह कुर्ता-पजामा में नजर आए। साड़ी में नजर आई थी। उन्होंने इस दौरान बालों में गजरा लगाया और हाथों में हरी चूड़ियां पहनी। वो पूरी तरह से ट्रेडिशनल लुक में दिखी। एक्टर अजय देवगन के वर्कफ्रंट की बात करें तो जल्द उन्हें सिद्धार्थ मल्होत्रा और रकुल प्रीत के साथ इंद्र कुमार की 'थैंक गॉड' में देखा जाएगा। इसके अलावा वो मलयालम फिल्म की हिंदी रीमेक 'दृश्यम 2' में दिखाई देंगे। फिल्म 'मैदान' में भी नजर आएंगे।

ऋतिक रोशन और सैफ अली खान के साथ ट्रेलर देखने का मौका

(आधुनिक मसाचार सेवा)
नई दिल्ली। ऋतिक रोशन और सैफ अली खान की मच अवेटेड फिल्म विक्रम वेधा का टीजर लॉन्च हो चुका है। अब बस इंतजार है ट्रेलर का। वैसे तो फिल्म 30 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है, लेकिन मेकर्स फिल्म ने प्रमोशन के लिए कुछ अलग करने की कोशिश की है। विक्रम वेधा का टीजर कुछ दिनों पहले रिलीज किया गया था, जिसे काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। अब फिल्म के बहुप्रतीक्षित ट्रेलर के रिलीज होने की बारी है और ऐसे में मेकर्स एक नए ट्रेंड के साथ समाने आए हैं, जिसमें फैन्स को क्ष्र्न्र्ल्र्स्न्र्इदो में अपनी पिक्चर शेयर करनी है। इसके बाद उन्हें दुनिया में किसी से भी पहले ट्रेलर देखने का मौका मिलेगा। ऋतिक रोशन ने एक वीडियो शेयर करके इसकी जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि विक्रम वेधा ट्रेलर रिलीज से पहले आपको 'विक्रम वेधा पोज' देना है। जो भी फैंस ऐसा करेंगे, उन्हें रिलीज की ओरिजिनल डेट से पहले ही ट्रेलर देखने को मिल जाएगा। विक्रम वेधा को पुष्कर और गायत्री ने निर्देशित किया है, जबकि भूषण कुमार और एस शशिकांत इसके निर्माता है। फिल्म में आपको ट्विस्ट एंड टर्न्स देखने को मिलेंगे। सैफ अली खान फिल्म में पुलिस अफसर के किरदार में है, जबकि ऋतिक रोशन गैंगस्टर बने हैं। यह इसी नाम से आयी तमिल फिल्म का रीमेक है, जिसमें आर माधवन और विजय सेतुपति ने मुख्य भूमिकाएं निभायी थीं। ब्रह्मास्त्र 9 सितंबर को रिलीज हो रही है। इसे बड़े पैमाने पर रिलीज किया जा रहा है, लेकिन ब्रह्मास्त्र से पहले विक्रम वेधा के ट्रेलर को मेकर्स दर्शकों के सामने रखना चाहते हैं। विक्रम वेधा का ट्रेलर 8 सितंबर को रिलीज हो रहा है।

ऐश्वर्या राय की फिल्म का हिस्सा बनना चाहते थे रजनीकांत

(आधुनिक मसाचार सेवा)
नई दिल्ली। ऐश्वर्या राय और साउथ स्टार विक्रम की फिल्म 'पोनिनियिन सेलवन' का ट्रेलर फाइनली ऑडियंस के सामने आ चुका है। इस फिल्म का चेनन्ई में ग्रैंड इवेंट हुआ, जहां फिल्म के ट्रेलर बातें की। इस दौरान उन्होंने मणि रतन्म की पोल भी खोली। रजनीकांत ने कहा, 'मैं पोनिनियिन सेलवन का हिस्सा बनना चाहता था। मैंने मणिरतन्म से कहा कि मुझे पेरिया पजुवेत्तारैयारी का किरदार दे दें। मैंने ये भी कहा कि

के साथ-साथ फिल्म का म्यूजिक भी लॉन्च किया गया। मणि रतन्म की फिल्म 'पोनिनियिन सेलवन' के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर साउथ सुपरस्टार्स रजनीकांत और कमल हासन खास मेहमान बनकर पहुंचे। इस मौके पर रजनीकांत ने बताया कि वह मणि रतन्म की फिल्म में इस किरदार को निभाना चाहते थे, लेकिन निर्देशक मणिरतन्म ने उन्हें अपनी फिल्म का हिस्सा बनाने से साफ इंकार कर दिया। पोनिनियिन सेलवन पार्ट वन के ट्रेलर लॉन्च पर पहुंचे सुपरस्टार रजनीकांत ने ढेर सारी मै फिल्म में स्पेशल अपीरियंस कर लूंगा। लेकिन मणि ने मुझसे साफ इंकार कर दिया। उन्होंने कहा 'क्या तुम चाहते हो कि मुझे तुम्हारे फैंस से फटकार लगे मुझे लगता है मणि की जगह कोई और होता तो शायद तैयार हो जाता, लेकिन मणि ने मना कर दिया। इसलिए वह मणिरतन्म है'।रजनीकांत ने आगे कहा, 'जब मैने कहानी पढ़ी थी, तो मैंने कमल को अरुणमोझी वर्मन के रूप में, श्रीदेवी को कुंदवई के रूप में, विजयकांत को आदित्य करिकालन के रूप में, सत्याराज को पजुवेत्तरैयार के रूप में इमेजिन किया था।

गुडबाये का ट्रेलर लॉन्च के बाद गणपति बप्पा के पंडाल पहुंची रश्मिका मंदाना

(आधुनिक मसाचार सेवा)
नई दिल्ली। रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी फिल्म गुड बाय के ट्रेलर रिलीज के सिलसिले में मुंबई आई हुई हैं। मंगलवार को वो अपनी फिल्म का ट्रेलर लॉन्च होने के बाद गणपति बप्पा के पंडाल में गणेश जी के दर्शन करने पहुंची हैं। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। रश्मिका के इस वीडियो को सोशल मीडिया पर सेलिब्रेटि फोटोग्राफर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। वीडियो में रश्मिका को अपनी कार की सन रूफ से बाहर निकल कर फैंस पर प्यार लूटाते हुए देखा जा सकता है। इस वीडियो को शेयर कर पैपराजी ने बताया कि वो मुंबई स्थित एक गणेश पंडाल पर भगवान गणेशजी के दर्शन करने पहुंची हैं वहीं, मंगलवार को उनकी फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। इस 2 मिनट 59 सेकंड का ये ट्रेलर पूरी तरह से आपको खुद से जोड़े रखेगा, क्योंकि शुरुआत से लेकर अंत तक आपको इस ट्रेलर में फैमिली वाइब्स मिलेंगी। ट्रेलर में अमिताभ बच्चन की पंचिंग लाइंस आपका दिल जीत लेंगी, तो वहीं फिल्म में अमिताभ बच्चन और नीना गुप्ता की बेटी का किरदार निभा रही रश्मिका मंदाना का दुःख भरी सिचुएशन में भी कूल अंदाज देखने को मिल रहा है। अमिताभ बच्चन और रश्मिका मंदाना के बीच ट्रेलर में खूब नोक-झोंक देखने को मिल रही है। लेकिन नीना गुप्ता की कॉमेडी और अमिताभ बच्चन के साथ उनका रोमांटिक अंदाज लोगों को खूब भा रहा है विकास बहल द्वारा निर्देशित इस फैमिली ड्रामा फिल्म की कहानी जीवन को जशन के रूप में पेश करती है। ट्रेलर देख कर मालूम होता है कि फिल्म की कहानी एक परिवार और रिश्तों के इर्द-गिर्द घूमती हुई नजर आती है, जो दिल को छू रही है। ये फिल्म दर्शकों को हंसी, गर्मजोशी और आंसुओं से भरे इमोशंस के साथ रोलर-कोस्टर राइड पर ले जाएगी। परिवारिक रिश्तों को पेश करने वाली ये फिल्म 7 अक्टूबर को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

गुडबाये की शूटिंग के दौरान 'श्रीवल्ली' रश्मिका मंदाना इनपर हार बैठी थीं दिल

(आधुनिक मसाचार सेवा)
नई दिल्ली। द राइज एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना साउथ के बाद अब नॉर्थ में भी अपना जादू बिखेरने की तैयारी कर रही हैं। रश्मिका हिंदी फिल्म गुडबाय से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। गुडबाय में उनके साथ अमिताभ बच्चन, नीना गुप्ता और सुनील ग्रोवर जैसे स्टार नजर आएंगे। फिल्म का 6 सितंबर को ट्रेलर लॉन्च किया गया। जहां फिल्म की पूर टीम मौजूद रही और अमिताभ बच्चन ने टीम को डिजिटली ज्वाइन किया। ट्रेलर लॉन्च इवेंट में रश्मिका ने बताया कि शूटिंग के दौरान किसी की क्यूटनेस उन्हें इतनी पसंद आई कि वे अपना दिल हार बैठीं, जिसे लेकर कई बार उनकी बिग बी से भी लड़ाई हो जाती थी। दरअसल, फिल्म गुडबाय एक फैमिली ड्रामा फिल्म है और फिल्म में रश्मिका की फैमिली के पास एक छोटा कुत्ता भी होता है, जिसकी क्यूटनेस ने पुष्पा की श्रीवल्ली यानी रश्मिका मंदाना को अपना बना लिया। फिल्म में इस कुत्ते का नाम भी काफी अनोखा है- स्टूपिड, जो कम ही सुनने को मिलता है। रश्मिका तक तो बात ठीक थी, लेकिन बिग बी को भी स्टूपिड बहुत पसंद था और बस दोनों के बीच फिल्म की शूटिंग खत्म होने के बाद उसे घर ले जाने को लेकर लड़ाई हो जाती थी। रश्मिका ने बताया कि अमिताभ बच्चन स्टूपिड को जलसा ले जाना चाहते थे लेकिन, स्टूपिड के प्यार में पागल एक्ट्रेस ने उसे किडनैप कर लिया और अपने घर ले आईं। किडनैपर बनने की अपनी कहानी को साझा करते हुए रश्मिका ने गुडबाय के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में मीडिया से बात करते हुए कहा, ठमैं पूरी तरह से स्टूपिड के प्यार में पागल थी। हम दिन का एक बड़ा हिस्सा स्टूपिड की कंपनी में बिताते थे। मेरे और अमिताभ बच्चन सर के बीच थोड़ी नोकझोक (झगड़ा) भी हुई थी, जो स्टूपिड को घर ले जाने को लेकर था। वह उसे जलसा ले जाना चाहते थे लेकिन, आखिरकार मैंने स्टूपिड को किडनैप कर लिया और घर ले आई।

अल्लू अर्जुन, यश और कार्तिक आर्यन के बाद अब इस एक्टर ने किया दिल जीत लेने वाला काम

(आधुनिक मसाचार सेवा)
नई दिल्ली। द राइज के एक्टर अल्लू अर्जुन और केजीएफ स्टार यश फिल्मों के अलावा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में बने रहते हैं। कुछ दिनों पहले दोनों पान मसाला कंपनी के विज्ञापन प्रस्ताव को ठुकरा देने को लेकर सुर्खियों में बने हुए थे, जबकि उन्हें मोटी रकम ऑफर की गई थी। इन साउथ सुपरस्टार्स के इस कदम की फैंस ने जमकर प्रशंसा की थी। अल्लू अर्जुन और यश के बाद यूथ आइकन कार्तिक आर्यन ने भी ऐसा ही किया। 9 करोड़ की मोटी फीस ऑफर होने के बाद भी भूल भुलैया 2 एक्टर ने पान मसाला ऐड को करने से मना कर दिया। इनके बाद अब एक और बॉलीवुड एक्टर इसी राह पर चल पड़े हैं और उन्होंने शराब ब्रांड का विज्ञापन करने से इंकार कर दिया है फिल्म काई पो चे और वेब सीरीज ब्रीद के लिए फेमस एक्टर अमित साध ने हाल ही में एक एल्कोहल ब्रांड के विज्ञापन को ठुकरा दिया क्योंकि वह अपने फैंस का दिल नहीं दुखाना चाहते हैं। अमित के इस कदम के बारे में जब उनसे पूछा गया तो एक्टर ने कहा, मैं अपने फैंस और अपने दर्शकों के लिए काम करता हूं। मैं किसी ऐसी चीज पर काम नहीं कर सकता जिससे उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचे या किसी तरह का नुकसान होने की संभावना हो। मैं एक ऐसे ब्रांड को बढ़ावा देने के सख्त खिलाफ हूं, जिससे उपभोक्ताओं को फायदा पहुंचाने के बजाय नशे की लत लग जाए या उन्हें अनहेल्दी हैबिट हो जाए।अतीत की एक घटना को याद करते हुए अमित ने आगे कहा, ठमुझे पिछले साल एक डिजिटल ऐड कैंपेन करना याद है, जहां इसने मेरे कुछ फैंस को नाराज कर दिया था। मैंने तुरंत फैसला किया कि मैं ऐसा कुछ भी नहीं करूंगा जिससे फैंस को चोट पहुंचे और फैसला किया कि कोई एल्कोहल ब्रांड का विज्ञापन भी नहीं करुंगा। इसलिए, हाल ही में जब इस विशेष ब्रांड की पेशकश की गई तो मुझे पता था कि मुझे क्या कहना है।

मणिरत्नम की फिल्म पीएस-1 का ट्रेलर रिलीज

(आधुनिक मसाचार सेवा)
नई दिल्ली। मणिरतन्म का ड्रीम फिल्म पोनिन्यन सेल्वन यानी पीएस-1 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। मेकर्स ने अपनी इस फिल्म का ट्रेलर चेनन्ई स्थित नेहरू इनडोर स्टेडियम में इवेंट का आयोजन कर लॉन्च किया है। पोनिन्इन सेल्वन (इए-1) के ट्रेलर को रिलीज होते ही चंद मिनटों में यूट्यूब पर वायरल हो रहा है। देखते ही देखते ट्रेलर का हजारों व्यू मिल चुके हैं। ऐतिहासिक थीम पर बनी इस फिल्म के ट्रेलर में जबरदस्त ग्राफिक्स का कमाल दिख रहा है। पीएस-1 एक हिस्टोरिकल ड्रामा फिल्म है, जिसमें ऐश्वर्या राय बच्चन और विक्रम समेत दक्षिण भारतीय सिनेमा के कई जाने-माने सुपरस्टार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर हिंदी समेत पांच भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, पीएस-1 के हिंदी ट्रेलर को बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर ने आवाज दी है, वहीं दक्षिण भारतीय भाषाओं के ट्रेलर में कमल हासन, राणा दग्गूबटी, पृथ्वीराज सुकुमारन और जयंत काइकिनी ने अपनी आवाजें दी हैं। पीएस-1 एक मेगा बजट फिल्म है, जिसमें दक्षिण के शक्तिशाली चोल राजवंश में सत्ता संघर्ष की कहानी दिखायी गयी है, जो कल्कि के नॉवल पोनिन्इन सेल्वन पर आधारित है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।